● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 94, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 10 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राहुल ने केरल कांग्रेस के नये अध्यक्ष को दी बधाई 5

खिलाड़ियों ने किया सशक्त बलों का समर्थन 6




## लेह से सर क्रीक तक घुसपैठ की कोशिश

### तुर्किये के ड्रोन का किया इस्तेमाल, पाकिस्तान की खुली पोल, विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की कायरना हरकतों को लेकर विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और इरादों का पर्दाफाश कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह 8 से 9 मई की रात की पाकिस्तान के हमलों की जानकारी दी। इस दौरान सबसे बड़ी खुलासा यह हुआ कि पाकिस्तान ने अतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन से घुसपैठ की कोशिश की। ये ड्रोन तुर्किये के बताए जा रहे हैं।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से भारतीय इलाकों में हमला किया। पाकिस्तान ने 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया। पाकिस्तान की ओर से 300 से 400 ड्रोन्स भेजे गए। जांच में पता चला है कि ड्रोन तुर्किये निर्मित थे। इस तनाव की स्थिति और भारत के पलटवार की संभावना के बावजूद भी पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। वह उसका इस्तेमाल ढाल के तौर पर कर रहा है। हमने जवाबी कार्रवाई कर उसका एक और एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिया।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की नीयत से पूरी पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलाबारी भी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल कर घुसपैठ का प्रयास किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन काइनेटिक साधनों से कई ड्रोन मार गिराए। बड़े पैमाने पर ड्रोन के जरिए हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य देश की वायुरक्षा प्रणालियों का परीक्षण और खुफिया जानकारी जुटाना था। ड्रोन के मलबे की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में तुर्किये के ड्रोन होने बात पता चली है।

उन्होंने बताया, पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 8:30 बजे एक असफल बेवजह ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले के बाद उसे तेज हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित सभी नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है। हमने आपको एक स्क्रीनशॉट भी दिखा रहे हैं, उसमें पंजाब सेक्टर में उच्च वायु रक्षा चेतावनी की स्थिति के दौरान एप्लीकेशन फ्लाइट रडार 24 का डेटा दिखाया गया है। जैसा कि आपने देखा है, हमारे घोषित बंद के कारण भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र नागरिक हवाई यातायात से पूरी तरह से खाली है। हालांकि, कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे हैं।

## नागरिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उच्चस्तरीय बैठक में दिए अहम निर्देश


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है और ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक ऐहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुंओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाये। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की अद्यतन सुरक्षा व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति और विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाये। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड श्री अरविंद कुमार, एडीजी गुप्तवार्ता श्री ए. साईं मनोहर, सैन्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## राजनाथ सिंह ने की अहम बैठक

### सीडीएस- सेना प्रमुखों के साथ की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गई। बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए। भारत ने



कल रात जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया था। पाकिस्तानी प्रयासों को विफल करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया और दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की ताजा कोशिशें इसी तरह की कोशिश के 24 घंटे से भी कम समय बाद सामने आई हैं। इससे पहले गुरुवार दोपहर को रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 15 शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया।

## लोगों की सुरक्षा के लिए करें आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत हर मोर्चे पर तैयार है। गृह मंत्रालय ने भी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अहम निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने पत्र में सभी मुख्य सचिव को विशेष स्थिति में लोगों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने पत्र में कहा है कि नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 11 को किसी भी आपात स्थिति में लागू किया जा सकता है। साथ ही राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) निदेशक को आवश्यक आपातकालीन खरीद शक्तियां दी जा सकती हैं।

## जम्मू, पठानकोट और सांबा में दिखे पाकिस्तानी ड्रोन, सेना ने मार गिराए

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने गुरुवार रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया और उसके रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। ताजा घटनाक्रम में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बड़े भाई ने कूटनीतिक समाधान तलाशने को कहा है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पोस्ट में कहा कि जहां मैं हूं वहां से रुक-रुक कर विस्फोटों की आवाजें, शायद भारी तोपों की, सुनी जा सकती हैं। उन्होंने अंधेरे में डूबे शहर की एक तस्वीर भी पोस्ट की और कैप्शन में लिखा कि जम्मू में अब ब्लैकआउट है। पूरे शहर में सायरन की आवाज सुनी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जम्मू और उसके आसपास के सभी लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया सड़कों पर न निकलें, घर पर रहें या निकटतम स्थान पर रहें जहां आप अगले कुछ घंटों के लिए आराम से रह सकते हैं। अफवाहों पर ध्यान न दें, निराधार या अपुष्ट कहानियां न फैलाएं और हम सब मिलकर इससे निपट लेंगे। पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी के कारण पुंछ में धमाकों की आवाजें सुनाईं दीं। सांबा में पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया। सांबा में धमाकों की आवाज सुनी गई। भारत की वायु रक्षा ने ब्लैकआउट के बीच पाकिस्तानी ड्रोन को रोका।

## भारत के शस्त्रों से पाकिस्तान पस्त

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। भारतीय सेनाओं ने अपने शक्तिशाली सुरक्षा कवचों से सभी नापाक मंसूबों को ढेर कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने पड़ोसी देश के लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर व सियालकोट समेत सात शहरों पर एकसाथ जवाबी कार्रवाई की।

## भारत की जवाबी कार्यवाही में एलओसी पर पाकिस्तानी पोस्ट तबाह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सेना द्वारा लगातार सीमा पर गोलीबारी की जा रही है। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एलओसी पर स्थित कई पाकिस्तानी पोस्ट तबाह हो गई हैं। भारतीय सेना ने इसका वीडियो जारी किया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी चौकी को तबाह करने के लिए एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का इस्तेमाल किया। अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि पाकिस्तान के किस सेक्टर की चौकी भारतीय सेना के हमले में तबाह हुई है। इस वीडियो से साफ है कि भारतीय सेना पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन का माकूल जवाब दे रही है। गौरतलब है कि पाकिस्तान की सेना द्वारा एलओसी पर भारी गोलीबारी की जा रही है, जिसमें पिछले दो दिनों में भारत में 15 से ज्यादा निर्दोष नागरिक मारे गए हैं।

सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने 8 और 9 मई की रात पूरी पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों से हमला किया।

## भोपाल में अलर्ट,चौराहों पर पुलिस तैनात

**भोपाल।** भारत-पाकिस्तान के बीच बने तनाव की स्थिति के चलते राजधानी भोपाल में भी पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया है। शहर के सभी चौक चौराहों पर पुलिस नजर बनाए हुए है।



शहर के 30 पॉइंट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। शहर के प्रमुख चौराहे, वीवीआईपी इलाकों को कवर किया गया है। शहर के एंट्री पॉइंट पर चेकिंग शुरू कर दी गई। शहर में प्रवेश करने वाले हर वाहन की तलाशी ली गई। इधर बोट क्लब पर रखे टैंक पर तिरंगा फहराया है। इसी के साथ भोपाल के लोगों ने न सिर्फ भारतीय सेना का उत्साहवर्धन किया बल्कि देशभक्ति का भी जज्बा दिखाया है।

भोपालियों ने सुदर्शन चक्र टैंक पर चढ़कर तिरंगा फहराया है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बीच अद्भुत तस्वीरें सामने आई है। भोपाल का बच्चा-बच्चा युद्ध भूमि में जाने के लिए तैयार है। भोपाल के बोट क्लब पर सुदर्शन चक्र टैंक खड़ा है। टैंक पर शान से तिरंगा लहराया है। सेना के टैंक पर भोपाल के लोगों ने तिरंगा लहराया है। लोगों ने भारतीय सेना का उत्साहवर्धन किया है। राजधानी भोपाल के पुलिस कंट्रोल रूम में बैठे जवान सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर स्थिति पर निगाह बनाए हैं। इससे पहले गुरुवार देर शाम पुलिस अधिकारियों की एक बैठक भी हुई। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने बताया कि संदेह होने पर संबंधित व्यक्ति की चेकिंग की जा रही है। जरूरत पड़ने पर पूछताछ भी की जा सकती है। भोपाल शहर पुलिस ने गुरुवार शाम बैठक में शहर के वीआईपी, व्यस्ततम और संवेदनशील इलाकों और चौराहों को चिह्नित किया। रात 11 बजते-बजते लगभग हर चौराहे पर 4 से 5 पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया।

## सीएम अब्दुल्ला ने जम्मू में हालातों का लिया जायजा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शुक्रवार सुबह जम्मू पहुंचे हैं। कल रात जम्मू शहर और संभाग के अन्य हिस्सों में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा किए गए असफल हमलों के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए उमर अब्दुल्ला जम्मू पहुंचे हैं। साथ ही मुख्यमंत्री जम्मू मेडिकल गए, जहां उन्होंने सीमा पार से हुई गोली बारी में घायल हुए लोगों का हाल जाना। वहीं रात में भारी गोलाबारी के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा उरी सेक्टर का दौरा करने पहुंचे हैं। उपराज्यपाल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल ही में सीमा पार से हुई गोलीबारी में घायल हुए नागरिकों से मिलने के लिए शुक्रवार को जीएमसी जम्मू का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों और अस्पताल के कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें उनके इलाज और ठीक होने के लिए पूरी सरकारी सहायता का आश्वासन दिया।

## सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है... आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं... सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के महाराणा प्रताप चौक, हुसैनगंज चौराहा के पास महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

## आईपीएल 2025 का सत्र एक हफ्ते के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई ने तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि फिलहाल लीग को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद हम हालात का जायजा लेंगे और फैसला करेंगे। इसके लिए बोर्ड अलग से कार्यक्रम जारी करेगा। लीग के लिए विंडो को लेकर पूछ गए सवाल में उन्होंने कहा कि सभी बोर्ड हमारा समर्थन करते हैं। ऐसे में विंडो कोई चिंता की बात नहीं है। विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनका निजी फैसला होगा, वो खुद ही इस पर फैसला लेंगे। इससे पहले आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन अब बोर्ड में इसे स्थगित करने का फैसला किया है। इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला रद्द कर दिया गया था। फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण मैच को रोका गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। बीसीसीआई ने बताया था कि धर्मशाला में तकीनी खामी के चलते मैच रद्द किया गया है।

## देश में भरे हैं अन्न के भंडार : शिवराज

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच गुरुवार की रात हुए हवाई हमलों के बीच केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय अलर्ट मोड में आ गए है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर कृषि मंत्रालय,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शिवराज सिंह 14 मई को केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी करेंगे रक्तदान भी करेंगे।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि भारत माता के चरणों में सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए पूरा देश तत्पर है। एक तरफ सीमा पर हमारे जवान तैनात है, पाकिस्तान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है, दूसरी तरफ खेतों में किसान तैयार है, उनके साथ वैज्ञानिक और कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्रालय भी अपनी ड्यूटी समझते हुए पूरी तरह से तैयार है। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगा।

बैठक में मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन और उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारे देश का संकल्प है। आतंकवादियों को हम नहीं छोड़ेंगे, उनके ठिकाने, उनके अड्डे तबाह करने के लिए कड़ी कार्रवाई की गई है। हमने नागरिकों को निशाना नहीं बनाया है, लेकिन पाकिस्तान जिस तरह से नापाक हरकत कर रहा है, सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। हर जगह पाकिस्तान मुंह की खा रहा है। हमें अपनी सेना पर, उनके पराक्रम-शौर्य पर गर्व है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि विभाग के नाते हमारी भी जिम्मेदारी है। हमारी जवाबदारी है खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करना। गेहूं, चावल व अन्य अनाज हमारे पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है, किसानों से खरीद भी जारी है। गुरुवार को ही हमने खरीफ कांफ्रेंस में भी विस्तार से चर्चा करके खेती के संबंध में रूपरेखा निर्धारित की है। शिवराज सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था जय जवान-जय किसान, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जोड़ा-जय विज्ञान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें जोड़ा-जय अनुसंधान। जवान तैयार है, किसान तैयार है व वैज्ञानिक भी तैयार है, उनका अनुसंधान भी काम आएगा। यह संतोष की बात है कि हमारे पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं।

# शिकायतो के निराकरण मे लापरवाही नही होगी बर्दाश्त : डीके

## आयुक्त ने कहा निर्माण कार्यो मे गुणवत्ता की अनदेखी पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**सिंगरौली।** नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान निगमायुक्त ने शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराए। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि शिकायतो के निराकरण कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेंगी। उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्या को जाने तथा उसका गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं तो शिकायतों को



संतुष्टिपूर्वक बंद किया जा सकता है। शिकायतो के निराकरण के आधार पर शासन स्तर से हर माह जारी होने वाली रैकिंग ग्रेडिग मिलती है। नगर निगम आयुक्त ने नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये निर्माण कार्यो में गुणवत्ता की अनदेखी होने पर संबंधित सहायक एवं उपयंत्री के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सहायक एवं उपयंत्री लगातार निर्माण कार्यो की मानीटरिंग करते रहे। निगमायुक्त के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के निर्माण की विस्तार से समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए गए कि छत लेवल के पेडिग आवास का निर्माण कार्य एक संप्ताह के अंदर पूर्ण कराकर उनकी जीओ टैगिंग कराये साथ ही चौखट एवं फाउडेंशन लेवल तक के अधूरे आवासो का हितग्राही सम्पर्क कर जल्द से जल्द पूर्ण कराए उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र के सहाकय यंत्री उपयंत्री एवं वार्ड प्रभारी प्रति दिन ऐसे 5 हितग्राही सम्पर्क के जिनके द्वारा अभी तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण नही कराया गया। उन्हें आवास निर्माण के लिए समझाईस दे अगर फिर भी हितग्राही आवास निर्माण में रूचि नही ले रहा है तो संबंधित को राशि वशूली की नोटिस जारी करे।

### कचरा संग्रहण वाहन समय पर कचरा उठाएं

नगर निगम आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण वाहन समय पर कचरा उठाएं, गली मोहल्ले सहित मुख्य मार्गो एवं मंदिर परिसर के आस पास गंदगी न फैले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्देश दिए कि पार्को उद्यान में भी समय-समय पर साफ -सफाई कराकर कचरे का उठाव कराया जायें उन्होंने गलियों, सडकों एवं नालियों की नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त नगरीय क्षेत्र में निवासरत परिवारो के समंग्र ई केवाईसी के कार्यो की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि सभी वार्ड प्रभारी मई माह के अंत तक अपने अपने वार्ड में निवासरत परिवारो का शत प्रतिशत ई केवाईसी किया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि अभी निगम की प्रगति धीमी है। शासन द्वारा मई माह के अंत तक की समयावधि निर्धारित किया गया है। अंत: सभी प्रयास करे कि माह के अंत तक नगरीय क्षेत्र में निवासरत सभी परिवारो का शत प्रतिशत ई केवाईसी का कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंन नगरीय क्षेत्र के पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था की विस्तार समीक्षा करते हुयें संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेंय, प्रवीण गोस्वामी, अलोक टीरू, उपयंत्री पीके सिंह, डीके सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व रेडक्रॉस एवं थैलेसीमिया दिवस के मौके पर अदाणी ग्रुप हुआ सम्मानित

**सिंगरौली।** विश्व रेडक्रॉस एवं थैलेसीमिया दिवस के मौके पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, सिंगरौली द्वारा अदाणी ग्रुप को रक्तदान के क्षेत्र में अहम भूमिका निभानेवाले रक्तवीरों को सम्मानित किया गया। डीडीआरसी भवन में आयोजित सम्मान समारोह में अदाणी ग्रुप को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के जरिए महान एनर्जेन लिमिटेड और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा जिले में सर्वाधिक 718 यूनिट रक्तदान का प्रशंसनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 28 संस्थाओं के प्रतिनिधियों को रक्तदान शिविरों में विशेष योगदान हेतु सम्मानित किया गया। इस दौरान अदाणी समूह के तरफ से शैलेन्द्र कुमार कण्ठ, मनोज प्रभाकर एवं राकेश प्रसाद मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिंगरौली के कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला एवं जिला



पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह एवं सचिव डॉ डीके मिश्रा सहित सिंगरौली जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों एवं स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन हुआ। इंडियन रेडक्रॉस के अधिकारियों ने विश्व स्तर पर रेडक्रॉस द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा में किये जा रहे कार्यों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। गौरतलब है कि प्रति वर्ष जून में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें अदाणी समूह के अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हैं और रक्त संग्रहण में विशेष योगदान देते हैं। ऐसे शिविर का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, सिंगरौली के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य इसको लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना है। कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्त का दान करना चाहिए।

# देवसर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में हुआ खेत तालाब निर्माण का भूमि पूजन

**सिंगरौली।** जल गंगा संवर्धन अभियान अपने कल के लिए आज से जल संरक्षण करने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा पूरे प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून के बीच जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर जल संचयन सरचनओं जिन में ताबाल, बाबड़ियो, नदियो की साफ सफाई कर उनको नया स्वरूप दिया जा रहा है वही नवीन जल संचयन संरचनाओं का निर्माण भी कराया जा रहा है। इसके साथ आम लोगो



को रूफ वाटर हर्वेस्टिंग, हैन्डो पम्पो के समीप सोकपिट आदि का निर्माण कराने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। सिंगरौली जिलें में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में जल गंगा सर्वधन अभियान चालाया जा रहा है। अभियान के तहत देसर विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतो में शपथ, रैली, संगोष्ठी का आयोजन का ग्रामीणो को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत अतरवा वा ग्राम पंचायत झारा में खेत तालाब निर्माण का भूमि पूजन किया गया। देवसर विकास खण्ड के ही ग्राम पंचायत रजनिया सामूहिक श्रमदान के माध्यम से बोरीबंधन का कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने संवेदनशील स्थानों एवं संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** पहलगांव हमले के बाद भारत के तरफ से की गई जवाबी कार्यवाही से बौखलाए पाकिस्तान ने युद्ध के हालात निर्मित कर दिए हैं। ऐसे में एहतियातन कदम उठाते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा जिलों को एडवाइजरी जारी की गई है। जिसके तहत सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं निरीक्षकों के साथ क्षेत्र के संवेदनशील स्थान समेत औद्योगिक संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों एवं एनटीपीसी प्लांट, आईओसीएल प्लांट, सासन पावर प्लांट, हिंडाल्को एल्युमिनियम प्लांट, जे.पी. निगरी प्लांट का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, फायर अलार्म सिस्टम की उपलब्धता एवं सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं व कार्यशीलता की समीक्षा की गई। इसके साथ ही पुलिस, प्लांट और राजस्व विभाग के अधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु विशेष व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए गए। संस्थानों में उपलब्ध सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्री वॉल पर रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था एवं पूर्व में लागू सुरक्षा प्रबंधों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जहां आवश्यक पाया गया, वहां सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, संस्थानों में एक्सेस कंट्रोल सिस्टम की स्थिति का भी आंकलन किया गया है।

# सिटाडेल को परिषद में सबने घेरा, अब दे दी छूट, क्या हो गया मैनेज

## 25 एकड़ में नहीं डेवलप किया ग्रीन बेल्ट, कंपनी ने करोड़ों रुपए का किया गोलमाल

**सिंगरौली।** अप्रैल माह में हुई परिषद बैठक में पार्षदों ने सिटाडेल कंपनी पर घर-घर कचरा संग्रहण और निस्तारण में अनियमितता सहित पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ हुए एग्रीमेंट का पालन नहीं कराने के आरोप लगाए थे। जहां परिषद अध्यक्ष ने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए थे।लेकिन एक महीना से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी सिटाडेल कंपनी की कोई जांच नहीं हो पाई। इसके अब कई मायने निकाले जा रहे हैं। बता दें कि परिषद में सिटाडेल कंपनी के खिलाफ पार्षदों ने जमकर हंगामा किया था। जिसके जवाब में कमिश्नर डीके शर्मा भी अपने एक बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए थे। उन्होंने कहा था कि स्वच्छता नोडल अधिकारी बनने के लिए छाती पर पैर रखकर आदेश करवाए जाते हैं। यदि परिषद साथ दे तो वह कुछ कर पाएंगे। इसके बाद परिषद अध्यक्ष के निर्देश के बाद निर्णय लिया था कि सिटाडेल घर-घर कचरा संग्रहण में कितनी गाड़ियां लगाया है, कितना कचरे का निस्तारण किया है, साथ ही पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ हुए एग्रीमेंट का कितना पालन हुआ है इसकी जांच पार्षदों की मौजूदगी में किया जाएगा। लेकिन एक महीने से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद अभी तक परिषद के निर्देशों का पालन नहीं हो पाना कई सवाल खड़े कर रहा है। सवाल यह है कि क्या परिषद से ज्यादा पावरफुल सिटाडेल कंपनी है, अधिकारियों मैं कंपनी को क्या नोटिस या फिर कोई निर्देश जारी किया, जांच में देरी की वजह क्या है, क्या भोपाल स्तर से अधिकारियों को किसी प्रकार का दबाव है जिसके चलते जांच नहीं हो पाई, सिटाडेल ने क्या सभी को मैनेज कर लिया, जैसे कई सवाल लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। परिषद बैठक में पार्षद ने आरोप लगाया की सिटाडेल कंपनी और पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच हुए कॉन्ट्रैक्ट का पालन नहीं हो रहा है। कंपनी के प्रस्तावित परियोजना पर्यावरण संरक्षित करने की शर्त पर मंजूरी मिली थी। लेकिन कंपनी ने पर्यावरण मंत्रालय के आदेश का पालन नहीं किया है। सिटाडेल के एग्रीमेंट में बुड़कुड़, गनियारी, नवजीवन विहार, मोरवा में 25 एकड़ में ग्रीन बेल्ट डेवलप करना था। ताकि क्षेत्र में पर्यावरण का संतुलन बना रहे। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि सिटाडेल को वृक्षारोपण, ग्रामीणों को खाद बीज उपलब्ध कराने और पूरे कचरे का निस्तारण करने का एग्रीमेंट हुआ था, वहीं कंपनी को प्रतिदिन 10 टन कचरा संग्रहण का वर्क आर्डर जारी हुआ, लेकिन 30 टन का भुगतान किया जा रहा है। कंपनी बिना कोई काम किये अधिकारियों से सांठगांठ कर कई करोड़ों रुपए का गोलमाल किया हैं। पार्षदों ने सिटाडेल कंपनी के एग्रीमेंट को निरस्त करने करने की मांग की थी। लेकिन इस मामले में आयुक्त सिर्फ जांच टीम गठित कर रहे हैं। कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है।

# मनरेगा के कार्यों में सरपंच-सचिव की चल रही मनमर्जी

**सिंगरौली।** देवसर जपं अंतर्गत ग्राम पंचायत साजापानी में मनरेगा के तहत पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में छोटे बच्चों से काम कराया जा रहा है। जहां श्रम विभाग के नियमों के विपरित है।

पीसीसी सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। यहां कार्यस्थल पर कोई साइन बोर्ड या कार्य का उल्लेख करने वाला बोर्ड नहीं लगाया गया है। कार्यस्थल में मजदूरों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, छाया के लिए टेंट, प्राथमिक उपचार, ठंडा पानी की भी व्यवस्था नहीं है। गौरतलब है कि बालश्रम कानून के तहत नाबालिकों से ऐसे काम कराने पर दो साल की सजा और 50 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। इस कड़े कानून के बाद भी जिले में ग्राम पंचायत साजापानी के सरपंच और सचिव नाबालिक बच्चों से काम करवा रहे हैं। इससे पहले भी ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी नाबालिको से पीसीसी सड़क पर मजदूरी करवाती रही है। अब देखना यह है कि ऐसे भ्रष्ट सरपंच और सचिव पर कार्रवाई होती है या नही।

# वर्तमान परिदृष्य को दृष्टिगत रखते हुयें कलेक्टर ने अधिकारियों कर्मचारियो के अवकाश पर लगाया प्रतिबंध



**सिंगरौली।** वर्तमान परिदृष्य को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा जिले के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि बिना अधोहस्ताक्षरी के अवकाश स्वीकृति अनुमति के अवकाश अथवा मुख्यालय से बाहर प्रस्थान नहीं करेंगे । साथ निर्देश दिया गया है कि जो अधिकारी कर्मचारी पूर्व से अवकाश में हैं, उनके आज दिनांक से स्वीकृत अवकाश निरस्त किये जाते हैं। ऐसे अधिकारी कर्मचारी जो पूर्व से अवकाश में हैं, वे तत्काल अपने कर्तव्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिंगरौली में अप्रैटिसशिप ड्राईव 14 मई को

**सिंगरौली।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिंगरौली के द्वारा अवगत कराया गया है कि 14 मई 2025 को प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय अप्रेटिश ड्राईव का आयोजन किया जा जा रहा है। अप्रैटिसशिप ड्राईव में ममता मोटर्स द्वारा आईटीआई पास छात्रो को फिटर, मकैनिकल, डीजल मोटर, मकैनिक व्हीकल,ट्रैक्टर मकैनिक अप्रैटिसशिप का अवसर प्रदान किया जायेंगा। आवेदको की उम्र 18 वर्ष से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को प्रति माह 7 हजार 500 रूपयें से 8 हजार 500 रूपये तक स्टायपेंड प्रदान किया जायेगा।

# 19 खण्डपीठों द्वारा नेशनल लोक अदालत में होगा प्रकरणो का निराकरण

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली के अध्यक्ष हितेन्द्र सिह सिसोदिया के द्वारा कुल 19 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। न्यायिक खण्डपीठों के अंतर्गत जिला न्यायालय वैढन में 10 सिविल न्यायालय देवसर में 8 एवं सिविल न्यायालय सरई में 1 खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सिसोदिया द्वारा जिला न्यायालय वैढन परिसर में कल प्रात: 10.30 बजे किया जावेगा।प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जनसामान्य से नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक सहभागिता करने एवं प्रकरणां का निराकरण कराने की अपील की गई है।

# आयुक्त ने गायब नाली को ढूंढने के लिए ईओडब्ल्यू को लिखा पत्र

## कमिश्नर ने पूर्व ईई, एसडीओ, उपयंत्री के कारनामों को किया उजागर, महाकाल ब्रदर्स की बढ़ेगी मुश्किलें

**सिंगरौली।** ब्रह्मांड का एक शाश्वत सत्य है कि जब भी कोई चीज अपने चरम तक पहुंचती है ना उसका उसके शून्य तक आना तय होता है, अब उनके भ्रष्टाचार चरम को छू छुका है, ऐसे में अब उनके भ्रष्टाचार उजागर होने लगे है। हालांकि साहब अब रिटायर हो गए हैं लेकिन कहते हैं ना की कर्मा कभी पीछा नहीं छोड़ना। अधिकारियों और महाकाल ब्रदर्स के भ्रष्टाचार को पकड़ने कमिश्नर डीके शर्मा ने ईओडब्ल्यू रीवा से जांच करने के लिए पत्र लिखा है। बता दें नगर निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 36 में साल 2023 में नाली निर्माण का कार्य कराएं बिना ठेकेदार महाकाल ब्रदर्स को 16 लाख 33 हजार का भुगतान कर दिया लेकिन साल 2025 में नाली गायब हो गई। गायब नाली की शिकायत शिवसेना जिला प्रमुख रामदयाल पांडे ने



कमिश्नर डीके शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए जांच की मांग की। जहां नगर निगम कमिश्नर ने जांच करने नाली निर्माण स्थल का भौतिक सत्यापन करने पहुंचे तो मौके पर एक नाली पाई गई। उन्होंने बताया कि नगर निगम के लेआउट वाले स्थल पर नाली निर्माण नहीं पाई गई। जबकि साइट के दूसरी तरफ नाली बनी हुई मिली। बनी नाली के संबंध में एनटीपीसी से जानकारी ली गई। जहां एनटीपीसी ने वर्क आर्डर की कॉपी देते हुए बताया कि साल 2017 में एनटीपीसी ने आरसीसी नाली का निर्माण कराया था। आयुक्त ने बताया कि साल 2023 में नगर निगम ने वार्ड क्रमांक 36 में ही नाली निर्माण का टेंडर किया था। वहीं 2024 में उक्त नाली का भुगतान भी किया गया। लेकिन मौके पर एनटीपीसी द्वारा बनाई गई नाली के अलावा कोई दूसरी नाली नहीं मिली। उन्होंने बताया कि मौके की जांच प्राथमिक रूप से कर फोटोग्राफ्स लिए गए हैं इसमें आर्थिक अनियमितता प्रतीत होती है पूरी नस्ती को ईओडब्ल्यू के लिए जांच के लिए भेजा गया है।

### पूर्व ईई, एसडीओ, उपयंत्री का कारनामा

नगर निगम अधिकारी वह सारे हथकंडे अपनाते हैं जिसमें ज्यादा से ज्यादा कमाई की जा सके। अधिकारी बिना काम कराएं सरकारी पैसों का बंदर बांट कर रहें। अधिकारियों के कारगुजारी की जानकारी कमिश्नर को लगी तो उन्होंने गायब नाली को ढूंढने का फैसला कर लिया और अब ईओडब्ल्यू को अपना जांच प्रतिवेदन भेज कर पूर्व की एसडीओ और उपन्यत्री की धड़कनें बढ़ा दी है।

### महाकाल ब्रदर्स के कारनामों की खुली पोल

साल 2017 में एनटीपीसी ने आरसीसी नाली का निर्माण कराया था। लेकिन नगर निगम के कार्यपालक यंत्री, एसडीओ और सब इंजीनियर ने नाली निर्माण का प्राक्कलन तैयार कर टेंडर निकाला। टेंडर में महाकाल ब्रदर्स एल -1 रहा. जहां नगर निगम अधिकारियों ने बिना नाली निर्माण कराए एनटीपीसी की नाली को दिखा कर वर्ष 2024 में सरकारी पैसा बैंक खाते से निकाल लिए। लेकिन कमिश्नर के जांच से अधिकारियों और ठेकेदार के कारनामों की पोल खोल दी हैं।

# प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती कार्यक्रम संपन्न

**सीधी।** निदेशक स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना भोपाल म प्र के वार्षिक कैलेंडर अनुसार प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वावधान में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। संजय गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह के द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के बतौर प्राचार्य डॉ पी. के. सिंह ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की बात कही। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार सिंह विभागाध्यक्ष अंग्रेजी के द्वारा रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन दर्शन पर विहंगम प्रकाश डाला गया।



उन्होंने कहा कि किसी महापुरुष की जयंती मनाई जाती है, क्योंकि उनके द्वारा समाज, देश व दुनिया को उदात्त प्रेरणा प्राप्त होती है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर एक सच्चे समाज सुधारक, दार्शनिक, कवि, लेखक व राष्ट्र भक्त थे। उन्होंने विश्व के 33 देशो का भ्रमण कर वहां की जीवन शैली जानकर भारत को नया जीवन दर्शन प्रदान किया। गुरुदेव की प्रसिद्ध रचना गीतांजलि है जिसे एशिया का पहला नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विनोद कुमार साकेत ने इस अवसर पर छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमारे देश की पहचान अपने संपूर्ण जीवन को साधने वाले ऐसे ही महापुरुषो की बदौलत है। आज की हमारी युवा पीढ़ी ख़राब ई कंटेंट से प्रभावित होकर अपनी भारतीय संस्कृति के बिलकुल विपरीत आचरण और व्यवहार अपना लिया है। जहां एक तरफ हमारे देश के महापुरुषों के जीवन चरित्र को पूरा विश्व अपनी प्रेरणा बना रहा है, वहीं हमारे युवा अपने देश के महापुरुषों से अपरिचित होते जा रहे हैं। आज का कार्यक्रम हिन्दी विभाग के डॉ नागेन्द्र सिंह के संयोजकत्व में महाविद्यालय के साहित्यिक, सांस्कृतिक सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल सिंह, डॉ दिवाकर सिंह, डॉ नागेन्द्र सिंह, डॉ राज कुमार सोर्टिया, प्रो विनोद कुमार साकेत, प्रो मनोज कुमार जायसवाल एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी का आभार प्रदर्शन उपरांत डॉ राज कुमार सोर्टिया द्वारा किया गया।

## शासकीय आदिवासी बालक क्रीडा परिसर चुरहट में कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सीधी।** प्राचार्य शासकीय आदर्श उ.मा.वि. चुरहट जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि शासकीय आदिवासी बालक क्रीडा परिसर चुरहट में कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रवेश हेतु कार्यालय प्राचार्य शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट जिला सीधी में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.06.2025 तक है। बालक क्रीडा परिसर चुरहट में मिनी समूह 11 से 14 वर्ष, जूनियर समूह 14 से 16 वर्ष एवं सीनियर समूह में 16 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों के आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि संबंधित छात्र का एमपीटास का प्रोफाइल पंजीयन, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, छात्र की समग्र आई.डी., बैंक पासबुक की छायाप्रति, पूर्व कक्षा की उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति तथा छात्र की 02 पासपोर्ट साइज की कलर फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

# वैल्यू चेन पार्टनर के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित, आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई

**सीधी।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार द्वारा जारी नेशनल मिशन ऑन इडीवल ऑयल आयल सीड योजना के दिशानिर्देश अनुसार क्रियान्वयन समिति (डीईसी) के द्वारा योजनांतर्गत गठित क्लस्टर में कृषकों का चिन्हांकन कर योजना प्रावधान अनुसार कार्य के लिए वेल्यू चेन पार्टनर (व्हीसीपी) का चयन किया जाना है। कृषक उत्पादक संगठनों (सहकारी/एफपीओ/ कापरेटिव्स) एवं सार्वजनिक व निजी निगम (पब्लिक आर प्राइवेट कार्पोरेशन) जो तिलहनी फसलों के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वेल्यू चेन पार्टनर (व्हीसीपी) के लिये पात्र होंगे। जिले के कृषक उत्पादक संगठनों (सहकारी/ एफपीओ/ कापरेटिव्स) को व्हीसीपी में चयन हेतु वरीयता दी जायेगी। केन्द्र प्रवर्तित 10000 एफपीओ स्कीम में गठित कृषक उत्पादक संगठनों को वरीयता दी जायेगी। एफपीओ/कापरेटिव के चयन के लिए पात्रता मापदण्ड है- पंजीयन कंपनी एक्ट अथवा कॉपरेटिव के अंतर्गत होना चाहिए, जिले में कम से कम 3 वर्षों का कार्य अनुभव होना चाहिए, कम से कम 200 कृषक एफपीओ या सहकारी समिति में पंजीकृत होना चाहिए, विगत 3 वर्षों का औसत वार्षिक टर्नओवर 9 लाख से अधिक होना चाहिए, एफपीओ में किसान द्वारा कम से कम 3 लाख रू की इक्विटी होनी चाहिए। सरकार द्वारा इक्विटी प्राप्तकर्ता को वरीयता दी जायेगी।

पब्लिक आर प्राइवेट कॉर्पोरेशन्स के चयन के लिए पात्रता मापदण्ड है - व्हीसीपी के चयन हेतु बीज, खाद्य तेल एवं उर्वरक क्षेत्र में कार्यरत केन्द्र या राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडया, सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडियन ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत निजी निगम पर विचार किया जावेगा, कम से कम 10 करोड़ का टर्नओवर होना चाहिए, विगत 3 वर्षों में कर में चूक (डिफाल्ट) नहीं होना चाहिए, विगत 5 वर्षों से बीजों, उर्वरकों एवं खाद्य तेल के उत्पादक के रूप में कार्य कर रहे हो। उपरोक्तानुसार पात्रता मापदण्ड रखने वाले कृषक उत्पादक संगठनों (सहकारी/ एफपीओ/ कापरेटिव्स) एवं सार्वजनिक व निजी निगम (पब्लिक आर प्राइवेट कार्पोरेशन्स) वेल्यू चेन पार्टनर (व्हीसीपी) के चयन हेतु कमरा नं. 53 कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कलेक्ट्रेट परिसर से आवेदन प्राप्त कर, मापदण्ड को प्रमाणित करने वाले अभिलेखों को संलग्न कर आवेदन दिनांक 10 मई 2025 तक कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# शिवसेना ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की ली शपथ



**सीधी।** शिवसेना की जिला इकाई ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से वीथिका भवन में मनाई। इस अवसर पर शिवसैनिकों ने न सिर्फ महाराणा प्रताप के शौर्य को याद किया, बल्कि देशभक्ति की भावना के साथ आतंकवाद के खिलाफ लडने् की शपथ भी ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन भर संघर्ष किया। आज हमें भी उन्हीं के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा हम भारत माता की अपने जन्मदाता की और गंगा मैया की कसम खाते हैं कि जब भी देश को हमारी जरूरत पड़ेगी, हम हर स्थिति में तैयार रहेंगे। चाहे जान देने की बात हो या लेने की। हर हिन्दुस्तानी को सारे गिले सिकवे मिटा कर एक आवाज में एक साथ खड़े होने की अवश्यकता है को भी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए सीधे उन्हें भी आतंकवादियों को तरह ठोकने की जरूरत है। प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने यह भी कहा कि हम प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और रक्षा मंत्री के हर निर्णय में साथ हैं और राष्ट्रीय एकता के लिए पूरी ताकत से खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल हुए और सभी ने देश की रक्षा के लिए हर संभव योगदान देने का संकल्प लिया। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच यह आयोजन राष्ट्रीय भावना को सशक्त करने वाला रहा। इस बीच प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, जिला सयोजक संतकुमात केवट, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, युवा सह सचिव अर्जुन केवट, युवा जिला मंत्री सूरज पटेल, राहुल साकेत, दीपेंद्र तिवारी, धीरज, शिवाशु, राहुल सहित कई युवा शिवसैनिक मौजूद रहे।

## अपाक्स संगठन द्वारा किया गया मानसी का सम्मान



**सीधी।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन अपाक्स जिला सीधी द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश 10वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त करने पर मानसी साहू पिता मंगल प्रसाद साहू निवासी पटेल पुल सीधी के निवास में पहुंचकर अपाक्स संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीराम सोनी संभागीय अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल जिला उपाध्यक्ष पंकज पटेल जिला कोषाध्यक्ष शिवमूरत साहू तहसील अध्यक्ष हीरालाल साहू सहित संगठन के कई पदाधिकारी द्वारा मानसी को पुष्प गुच्छ एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।

# नेशनल लोक अदालत में लम्बित प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण के लिए विशेष छूट

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचा/संघा) म.प्र. पू.क्षे. वि. वि.कं. लिमि. सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 10 मई 2025 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रीलिटिगेशन (मुकादमा पूर्व) न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण करने हेतु नियमानुसार छूट सम्बन्धी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। समस्त घरेलू उपभोक्ता, समस्त कृषि उपभोक्ता, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू उपभोक्ता, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ता सम्मिलित है।

प्री-लिटिगेशन के स्तर पर - कंपनी द्वारा सिविल दायित्व की राशि 30 प्रतिशत आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

लिटिगेशन के स्तर पर - कंपनी द्वारा सिविल दायित्व राशि 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

छूट नियम एवं शर्तों के तहत दी जावेगी - दिनांक 10 मई 2025 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट सिविल दायित्व राशि का 10 लाख रूपए (दस लाख मात्र) तक के लिये समिति रहेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदन द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। उक्त छूट मात्र नेशनल लोक अदालत दिनांक 10.05.2025 में समझौता करने के लिये ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान वसूल की जावेगी। मोबाइल पर बिजली बिल प्राप्त करने के लिये अपना मोबाइल नम्बर स्मार्ट बिजली एप बिजली कार्यालय अथवा काल सेन्टर के टोल फ्री 1912 पर आईवीआरएस नंबर बताकर तत्काल दर्ज करायें अथवा परिवर्तित मोबाइल नंबर अपडेट करायें।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज, 20 खंडपीठों द्वारा होगा प्रकरणों का निराकरण

सीधी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 10 मई 2025 को जिला मुख्यालय सीधी तथा तहसील चुरहट, मझौली एवं रामपुर नैकिन में किया जायेगा। जिला मुख्यालय सीधी में प्रातः 10:30 बजे स्थानीय ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 20 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय सीधी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर, विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम श्री यतीन्द्र कुमार गुरू प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री दीपक शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार सोनी प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुनीता रावत, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सरिता चौधरी, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री कपिल देव काछी, न्यायिक मजिस्ट्रेट मृदुल लटौरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक साहू एवं श्रम न्यायालय के प्रकरणों का निराकरण हेतु श्रम न्यायाधीश श्री सुशील गहलोत की न्यायिक खंडपीठ का गठन किया गया है। सिविल न्यायालय चुरहट में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लालता सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री विजया विश्वकर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राहुल त्रिपाठी एवं सिविल न्यायालय मझौली में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री शिवांगी सिंह परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री रूची परते तथा सिविल न्यायालय रामपुर नैकिन में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री परमानंद सनोडिया एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अरहम खान की खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक ने नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ-साथ जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराया जायेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री प्रयाग लाल दिनकर ने आमजन से अपील की है कि न्यायालय में राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों का निराकरण दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराये तथा विवाद-विहीन समाज की संकल्पना को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें।

## रॉयल पब्लिक स्कूल चंदैनिया का रहा गौरवशाली परिणाम

**सीधी।** रॉयल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, चंदैनिया (चुरहट) ने एक बार फिर अपने शानदार शैक्षणिक स्तर का परिचय देते हुए मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त कर जिले में स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा खुशी पटेल ने 91.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। आर्या सिंह ने 85.2% और इप्सिता गुप्ता व अंशिका शुक्ला ने समान रूप से 84.6% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा प्रियाल पांडे और युवराज सिंह ने 83.6% अंकों के साथ सफलता के पथ पर अग्रसर होकर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया। हाई स्कूल परीक्षा में त्रिशा सिंह ने 95.4% अंकों के साथ विद्यालय और क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## तुअर फसल के विक्रय हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई

**सीधी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सीधी ने जिले के समस्त किसान भाईयों से अपील की है कि वे अपने तुअर की फसल का विक्रय शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रूपए क्विंटल के मान से विक्रय करना चाहते हैं, तो अपना पंजीयन करवाकर सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ ले सकते हैं। तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित गेहूं पंजीयन केन्द्रों पर कार्यालीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। साथ ही किसान एप/कियोस्क कॉमन सर्विस सेन्टर लोकसेवा केन्द्र पर भी अपना पंजीयन करवा सकते है। यदि कोई कृषक तुअर फसल का पंजीयन पूर्व में निर्धारित अवधि की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक नहीं करवा पाये हैं तो अब दिनांक 15 मई 2025 तक पंजीयन करवा लाभ ले सकते हैं। कृषक बंधुओं से आग्रह है कि कृषक अपने पंजीयन हेतु वांछित समस्त दस्तावेजों तथा अपने मोबाईल के साथ पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित सीधी खुर्द, रामपुरनैकिन, चौफाल, पटेहरा, बमुरी एवं मझौली पर तत्काल पहुंच कर पंजीयन करावें। पंजीयन हेतु जिले में 06 निर्धारित पंजीयन केन्द्रों में संपर्क कर पंजीयन करवा सकते हैं।

## लापता किशोरी को बिहार से किया गया दस्तयाब

**सीधी।** गुम बालक/ बालिकाओं के दस्त्याबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जमोड़ी पुलिस ने लापता किशोरी को रिपोर्ट करने के महज 3 दिनों के भीतर ढूंढकर बिहार के बेतिया से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुमशुदा बालिकाओं के दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन मे तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मे जमोड़ी पुलिस ने लापता किशोरी को बेतिया बिहार से दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस के अनुसार थाना जमोडी जिला सीधी मे दिनांक 6 मई 2025 को एक परिजन ने रिपोर्ट लेख कराई कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताये कही चली गई है। जिसकी पता तलाश आस पडोस एवं रिश्तेदारी में किया लेकिन किशोरी का कोई पता नही चला। मामला गंभीर होने के कारण थाना प्रभारी जामोड़ी ने मामला पंजीबद्ध कर किशोरी की पता तलाश हेतु टीम का गठन कर पुलिस टीम रवाना किया जो किशोरी के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त होने पर किशोरी को जमोड़ी पुलिस टीम ढूंढकर बिहार के बेतिया से दस्तयाब करते हुए वापस लाई, जिसे वैधानिक कार्रवाई पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

# लीनेस क्लब कामाख्या द्वारा प्रशिक्षकों का किया गया सम्मान

## प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं जरूरत की किताबें व कापियां देकर किया गया पुरस्कृत

**सीधी।** लीनेस क्लब कामाख्या सीधी एवं इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 25 दिवसीय निःशुल्क प्रस्तुति परक बाल नाट्य कार्यशाला का ष्टह ॠस पब्लिक स्कूल सभागार में भव्य समापन हुआ, इस अवसर पर लीनेस क्लब की अध्यक्ष डॉ. बीना मिश्रा, कोषाध्यक्ष शर्मिला सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तदुपरांत बाल कलाकारों ने वाणी वंदना के माध्यम से कला एवं विद्या की देवी सरस्वती जी का सुमिरन किया।इसके बाद प्रतिभागियों ने प्रजीत कुमार साकेत के संयोजन में बघेली संस्कार गीत एवं लोकगीत की अद्भुत प्रस्तुति दी,जिसे सुनकर दर्शक और अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए।दूसरी प्रस्तुति कविता कोलाज बुरा मान जायेंगे की हुई,जिसका निर्देशन किया है रोशनी प्रसाद मिश्र ने इसमें कई रचनाकारों की चुनिंदा कविताओं का कोलाज है।कविता कोलाज जहां एक तरफ़ प्रकृति प्रेम की पराकाष्ठा पर पहुंचती है वहीं दूसरी ओर प्रकृति के दोहन और उसके प्रति समाज की ग़ैर जिम्मेदारी से विकृत रूप भी दिखा। प्रस्तुति के अंत में दर्शक भावुक हो गए। दोनों प्रस्तुति में बतौर प्रतिभागी अनुष्का शुक्ला, भाग्यश्री शर्मा,अंशिका शुक्ला, आर्यम्बा विश्वकर्मा, मौसमी गुप्ता,



सुलोचना वर्मा, किरण पाठक, सौरभ पाठक, आर्यन उपाध्याय, प्रद्युम्न तिवारी, विराट पाण्डेय शामिल रहे। मंच परे सृजन मिश्र,ओमकार पाण्डेय,आर्यन सिंह, आर्यन डेहेरिया, कान्हा, आदित्य की भूमिका रही। प्रस्तुति उपरांत लीनेस क्लब कामाख्या की अध्यक्ष डॉ. बीना मिश्रा ने प्रस्तुति की तारीफ़ करते हुए कहा कि आज की प्रस्तुति के बाद हम सब की बोलती बंद हो गई, इतनी सधी हुई और मनमोहक प्रस्तुति रही कि अब कुछ बोलने को बचा ही नहीं।इसके बाद नाट्य कार्यशाला के प्रशिक्षक रोशनी प्रसाद मिश्र,नीरज कुंदेर,प्रजीत कुमार साकेत और रजनीश कुमार जायसवाल को शाल व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र,जरूरत मुताबिक कॉपियां व पुस्तक प्रदान किया गया साथ ही अनुष्का शुक्ला के दशवीं कक्षा में जिला में सर्वोत्कृष्ट अंक आने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।इसके बाद भारत पाकिस्तान युद्ध से आगाह कराते हुए सावधानी बरतने के उपाय बताए गए कार्यशाला निर्देशक नीरज कुंदेर रहे,संयोजन सरस्वती उच्च.माध्य. विद्यालय करौंदिया का था विशेष सहयोग सूर्यप्रकाश सिंह बघेल का रहा।मंच संचालन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया व मीनाक्षी द्विवेदी ने सभी अतिथियों दर्शकों, प्रशिक्षकों, और कलाकारों का आभार व्यक्त किया।। इस अवसर पर लीनेस क्लब कामाख्या सीधी की अध्यक्ष डॉ. बीना मिश्रा, कोषाध्यक्ष शर्मिला सिंह, सदस्य अंजू शर्मा,विनीता मिश्रा, मीनाक्षी द्विवेदी,इन्द्रवती नाट्य समिति से नीरज कुंदेर, रोशनी प्रसाद मिश्र, रजनीश जायसवाल, प्रजीत साकेत, अनिल शुक्ला, कविता शुक्ला, केशरी प्रसाद विश्वकर्मा, योगेश पाण्डेय, के. के. पाण्डेय, सहित कई कला प्रेमी और श्रोता दर्शक मौजूद रहे। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर भारतीय शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## संपादकीय

### करारा जवाब

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में फल-फूल रहे आतंकवाद को सधा और करारा जवाब दिया है। भारतीय कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। इसमें भारतीय फौज ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर यह संदेश दिया है कि वह युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर कोई उसकी तरफ आंख उठाकर देखेगा तो उसे जवाब देने से भी नहीं हिचकेगा। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में कुल नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इन जगहों का इस्तेमाल लश्कर-ए-तैयबा और दूसरे आतंकी संगठन कर रहे थे। यहीं पर आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी गई, जिन्होंने भारत में कई कायराना वारदातों को अंजाम दिया। पाकिस्तान को बार-बार इनके बारे में जानकारी दी गई, लेकिन कोई कदम उठाने के बजाय वह इनकी मौजूदगी को ही नकारता रहा। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपीलों पर भी ध्यान नहीं दिया बल्कि अब तो यह भी साफ है कि भारत पर और हमले करने की साजिश रची जा रही थी। 2016 और 2019 में भी भारतीय फौज ने आतंकवादी हमलों के जवाब में क्रमशः सर्जिकल स्ट्राइक और टेरर लॉन्च पैड को निशाना बनाया था। ऑपरेशन सिंदूर 2019 की कार्रवाई से कहीं बड़ी है। इसमें बड़े इलाके में फैले आतंकी इन्फ्रा को टारगेट किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर अंदर थे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरा देश गुस्से में था। उनका मकसद भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। इसे लेकर कश्मीर सहित देश भर में आक्रोश था और भारत की तरफ से जवाब भी लाजिमी था। दरअसल, पड़ोसी देश की दिलचस्पी इन आतंकवादियों को सजा दिलाने में भारत की मदद करने की नहीं थी। सचाई तो यही है कि बरसों से वह आतंक को प्रश्रय देता आया है और उसकी खुफिया एजेंसी हुक्सू की शह पर भारत में कई आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना ने हर लक्ष्य का चयन विश्वसनीय इंटेलिजेंस सूचनाओं के आधार पर किया। पहलगाम के 15 दिनों बाद जवाब दिया गया यानी पाकिस्तान को अपनी गलती सुधारने और अपनी जमीन पर पल रहे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का पूरा मौका दिया गया। पाकिस्तान ने भारतीय कार्रवाई को एक्ट ऑफ वॉर बताया है और कहा है कि उसे जवाब देने का अधिकार है। उसकी तरफ से झूठे प्रचार का युद्ध शुरू हो चुका है। उसकी मंशा संघर्ष बढ़ाने वाली लगती है। लेकिन पाकिस्तान का हित इसी में है कि वह भारत के साथ लड़ाई न बढ़ाए। आखिर, भारत ने भी यही संकेत दिया है कि वह इसे हवा नहीं देना चाहता।

**भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है।**

# आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

(योगेश कुमार गोयल)

ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा




दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे।

इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्वेड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही। पाकिस्तान के मीडिया ने प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए यह दावा किया कि पाकिस्तान ने भारत के 6 फाइटर जेट मार गिराए हैं, जिसमें 3 राफेल, 2 मिग-29 और 1 सुखोई शामिल हैं, साथ ही भारतीय सेना की 12वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय को नष्ट करने का झूठा दावा भी किया गया। हालांकि भारत द्वारा इन बेबुनियाद झूठे दावों को सिरे से खारिज कर दिया गया है।

भारत का अगला कदम अब इस कार्रवाई को कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर वैश्विक समर्थन में बदलना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने दृष्टिकोण को और मजबूत तरीके से प्रस्तुत करेगा। अमेरिका, फ्रांस, रूस और इजरायल जैसे देश पहले ही भारत के साथ खड़े नजर आ रहे हैं परंतु संयुक्त राष्ट्र और इस्लामी देशों के संगठन (आईओसी) में पाकिस्तान अपने झूठे प्रचार को हवा देने की कोशिश अवश्य करेगा, इसलिए भारत को अब इस कूटनीतिक लड़ाई में भी स्पष्टता और तथ्यों के साथ आगे बढ़ना होगा। बहरहाल, ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य और कूटनीतिक परिपक्वता का प्रतीक है। इसने साबित कर दिखाया है कि भारत अब संयम और जवाबदेही के साथ अपनी रक्षा नीति पर अमल कर रहा है। 'सिंदूर' का रंग भले ही सांस्कृतिक दृष्टि से सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक हो परंतु इस सैन्य कार्रवाई में यह रंग आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बन गया है। भारत ने दुनिया को यह बता दिया है कि वह न तो युद्ध चाहता है, न टकराव लेकिन यदि उसकी सीमाओं, नागरिकों और संप्रभुता को कोई चुनौती देगा तो उसका जवाब भी उतना ही सटीक, तीव्र और निर्णायक होगा। भारत का यह बदलता हुआ रवैया उसकी सुरक्षा नीति को नई दिशा दे रहा है और यह संकेत है कि आने वाले समय में कोई भी आतंकी घटना भारत को मूकदर्शक नहीं बनाएगी बल्कि तत्काल और निर्णायक प्रतिघात से दुश्मन की कमर तोड़ी जाएगी। (लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय वीरों की पाक को दो टूक
# 'छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं, घर में घुसकर मारेंगे'

(दीपक कुमार त्यागी)

प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने यह साफ कर दिया कि भारत के जांबाजों ने पीओके में की गयी 9 ठिकानों एयर स्ट्राइक में पहलगाम आतंकी हमले के साथ-साथ मुंबई हमले से लेकर के अन्य तमाम हमलों का हिसाब बराबर करने का कार्य किया है।

7 मई की सुबह जब देशवासियों की आंखें नींद से खुली, तो देश व दुनिया की मीडिया व सोशल मीडिया के प्लेटफार्म भारत की शौर्य गाथा को बयान कर रहे थे, मीडिया के माध्यम से दुनिया को पता चला कि मां भारती के वीर सपूतों ने एक बार फिर से पाक व पीओके में एयर स्ट्राइक कर दी है, भारत के वीरों ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर जमकर के कहर बरपाने का कार्य कर दिखाया है। सूर्य उदय के साथ दिन ही देश व दुनिया में भारत की आतंकियों के खि़लाफ़ की गयी बड़ी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की गूंज जमकर सुनाई दे रही है। मां भारती के वीर सपूतों की टोली ने 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम की 'बैसरन घाटी' में पाकिस्तान के पिट्ठुओं आतंकियों के द्वारा पर्यटकों पर हमला करके की गयी कायराना हरकत का मूंह तोड़ ज़वाब देने का कार्य वीरता के साथ किया है। लेकिन भारत के वीर सपूतों की पाक परस्त आतंकवादियों के खि़लाफ़ की गयी इस बहुत बड़ी कार्रवाई पर भारत सरकार की अधिकारिक मौहर लगना अभी भी बाकी था, इस ज्वलंत मसले पर पूरी दुनिया भारत सरकार के आधिकारिक रुख को देखना चाहती थी।

पल-पल इंतजार के बाद आखिर वह घड़ी आ ही गयी, जब भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की ऑफीशियल प्रेस ब्रीफिंग होने की सूचना आयी। प्रेस ब्रीफिंग में भारत सरकार के विदेश सचिव विक्रम मिस्री, भारतीय सेना की तरफ से कर्नल सोफिया कुरैशी व वायुसेना की तरफ से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने आज सुबह 10.30 बजे भारत के जांबाजों के द्वारा पाक व पीओके में चुनिंदा आतंकवादियों के लक्षित एयर स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' के वारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रेस ब्रीफिंग में सर्वप्रथम दशकों से चली आ रही पाकिस्तानी के द्वारा भारत में प्रायोजित आतंकवाद पर शार्ट फिल्म दिखाई गयी। उसके बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ब्रिफिंग में एयर स्ट्राइक के वारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्री के द्वारा कही गई बातों का मूल सार यह है कि पहलगाम में हमला अत्यंत बर्बरतापूर्ण था, जिसमें पीड़ितों को बहुत नजदीक से सिर में गोली मारकर और उनके परिवार के सामने मारा गया, इस आतंकी घटना के पीड़ितों के माध्यम से आतंकियों के द्वारा मोदी सरकार को संदेश देने को कहा गया, यह हमला स्पष्ट रूप से कश्मीर में सामान्य स्थिति को कमजोर करने के उद्देश्य से व देश में दंगा फ़साद करवाने के उद्देश्य से किया गया था।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत सरकार ने यह जरूरी समझा कि पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं और साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाया जाए। लेकिन एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान की ओर से अपने क्षेत्र में चल रहे आतंकवादी ढांचे के खिलाफ कोई भी ठोस कदम धरातल पर नहीं उठाया गया। जिसके चलते ही भारत सरकार ने पाकिस्तान व पीओके में छिपकर बैठे आतंकियों के खि़लाफ़ कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत लक्षित ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करने का कार्य करके दुश्मनों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने यह साफ कर दिया कि भारत के जांबाजों ने पीओके में की गयी 9 ठिकानों एयर स्ट्राइक में पहलगाम आतंकी हमले के साथ-साथ मुंबई हमले से लेकर के अन्य तमाम हमलों का हिसाब बराबर करने का कार्य किया है।

उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयर स्ट्राइक के वारे में विस्तार से बताते हुए देश व दुनिया को यह भी बताया कि आखिर भारतीय सेना ने पाकिस्तान व पीओके के 9 ठिकानों को ही निशाना क्यों बनाया है। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय देने के लिए चलाया गया, यह ऑपरेशन 6-7 मई 2025 की रात 1.05 से 1.30 बजे तक कुल 25 मिनट तक चला, जिसके माध्यम से आतंकियों के ट्रेनिंग सेंटर, लॉन्च पैड को भारतीय जांबाजों ने हमला करके तबाह करने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि हमने उन आतंकी ठिकानों पर भी हमला किया है, जहां कसाब, हेडली ने ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने दुनिया को यह भी बताया की हमने पाकिस्तान ने किसी भी सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है। हमने एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाक व पीओके में फल-फूल रहे आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट किया है। यहां आपको बता दें कि आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाह पीओके व पाकिस्तान में पाक हुक्मरानों की कृपा से आतंकवादियों की ट्रेनिंग के लिए पिछले कई दशकों में बड़े पैमाने पर इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है, जो निर्माण कार्य अब भी बेख़ौफ़ निरंतर जारी है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सशस्त्र बलों के द्वारा पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) व पाकिस्तान में बने बेहद अहम आतंकवादी ठिकानों का ध्वस्त किया गया है, भारत ने सबसे पहले सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद जोकि एलओसी से लगभग 30 किमी दूर है और लश्कर तैयबा को ट्रेनिंग सेंटर है, उसको तबाह करने का कार्य किया, इस कैंप में ही 20 अक्तूबर 2024 सोनमर्ग, 24 अक्तूबर 2024 गुलमर्ग, 22 अप्रैल 2025 पहलगाम हमले के आतंकियों ने ट्रेनिंग ली थी।

मुजफ्फराबाद स्थित सैयदना बिलाल कैंप, जैश ए मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया है, यहां से आतंकियों को जंगल ट्रेनिंग और हथियार आदि मुहैया कराये जाते थे।

गुलपुर कैंप, कोटली में लश्कर का बेस कैंप था, जो राजौरी और पुंछ में सक्रिय था, यही पर 20 अप्रैल 2023 पुंछ और 9 जून 2024 तीर्थयात्रियों को बस हमले के आतंकियों को ट्रेनिंग दी गयी थी।

अब्बास कैंप कोटली में लश्कर की फिदायीन टीम तैयार होती थी, जिसको तबाह कर दिया गया है।

बरनाला कैंप

यह एलओसी के निकट स्थित आतंकियों का एक महत्वपूर्ण लॉन्च पैड है, यहां से अकसर आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराई जाती है। देश में कई आतंकी हमलों में शामिल आतंकी यही से निकले हैं। भारतीय जांबाजों ने पाकिस्तान के सियालकोट में स्थित सरजल कैंप पर भी एयर स्ट्राइक की है, इस कैंप से ट्रैंड किये गये आतंकियों ने ही मार्च 2025 में जम्मू और कश्मीर पुलिस के चार जवानों की हत्या की थी।

## वर्ग पहेली 5726

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | ■ | 8 | |
| | ■ | | ■ | 9 | 10 | | ■ |
| ■ | 11 | ■ | 12 | | | ■ | ■ |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | | | 18 | ■ | 19 | 20 | |
| | ■ | 21 | | ■ | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह विश्व का सबसे ऊंचा पठार है जिसे विश्व की छत भी कहा जाता है (3)
4. पश्चिमी भारत में स्थित एक राज्य है जहां का प्रसिद्ध व्यंजन खमण है (4)
7. फूल जैसा बदन या कोमल अंगों वाला या वाली (5)
8. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
9. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है जिसे अंग्रेजी में रोज कहा जाता है (3)
12. अख्यात, अप्रसिद्ध, गुमनाम (3)
13. मैथिलीशरण गुप्त की एक प्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
15. किसी शहर या कस्बे का प्रवेश स्थल (2)
17. खुदपरस्त, खुदगर्ज, स्वार्थी (4)
19. दरवेश, भिक्षुक, भिखमंगा (3)
21. लोहार का बड़ा हथौड़ा (2)
22. किसी फूल का अर्धविकसित रूप (2)
23. शिगाफ, दरज (3)
24. जलधि, उदधि, समुद्र (3)

**ऊपर से नीचे**

1. जुगाली, चर्वण, रोमंथ (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. एक वृक्ष के रस को पकाकर बनाया जाने वाला अत्यंत लचीला पदार्थ (3)
4. अस्पष्ट व धीरे-धीरे बोलना या गाने की क्रिया यह कहलाती है (5)
5. पशुओं का दैनिक आहार, एक दिन की खुराक (3)
6. सात पातालों में से पहला, पेंदा (2)
10. खरी-खोटी, अपशब्द, बेहूदा बातें (4)
11. इशारा, इंगित, प्रतीक (3)
13. इस वेद से भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ होता है और गांधर्व वेद इसका उपवेद है (4)
14. तहखाना, जमीन के नीचे का बना कमरा (4)
16. बंसी या बांसुरी को यह भी कहा जाता है (3)
18. सपेरों का प्रसिद्ध वाद्य (2)
20. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)

### वर्ग पहेली 5725 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | न | ■ | वा | ल्मी | कि | ■ | सी |
| फ | ल | दा | न | ■ | शो | घ | क |
| मि | क | दा | र | ■ | र | न | र |
| नि | ■ | ■ | ■ | श | कु | ■ | ■ |
| स्ट | डी | ■ | ■ | का | मा | य | नी |
| र | न | वे | ■ | क | र | दा | ता |
| ■ | ■ | त | ■ | ता | ■ | क | ■ |
| सा | ध | न | ■ | ■ | मै | दा | न |

# वर्ल्ड एथलेटिक्स डे, इतिहास और महत्व



(अनन्या मिश्रा)

हर साल दुनिया भर के एथलीटों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित करने के लिए हर साल 07 मई को वर्ल्ड एथलेटिक्स डे मनाया जाता है। तो आइए जानते हैं इस दिन का इतिहास, महत्व और उद्देश्य के बारे में।

प्रतिकूल परिस्थितियों में हार न मानना और खेल के लिए प्यार और जुनून को कायम रखना। यह कुछ बेहतरीन क्वॉलिटी हर एथलीट की पहचान होती हैं। खेल के प्रति एथलीट का समर्पण और प्यार प्रेरणा देने वाला होता है। इसलिए हर साल दुनिया भर के एथलीटों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित करने के लिए हर साल 07 मई को वर्ल्ड एथलेटिक्स डे मनाया जाता है। तो आइए जानते हैं इस दिन का इतिहास, महत्व और उद्देश्य के बारे में...

बता दें कि साल 1996 में अंतर्राष्ट्रीय एमेच्योर एथलेटिक महासंघ ने इस दिन को मनाए जाने की शुरूआत की थी। इस दिन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन की स्थापना की गई थी। विश्व एथलेटिक्स दिवस के मौके पर स्कूलों और कॉलेजों में अलग-अलग प्रतियोगिताओं और टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाता है। हालांकि साल 2020 में कोरोना महामारी की वजह से इसको रोक दिया गया था।

**उद्देश्य-** इस दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य स्कूल, कॉलेजों और अन्य संगठनों के छात्रों को खेल के मौके प्रदान करता है। इस दिन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन फिजिकल एक्टिविटी के महत्व को बढ़ावा देने के साथ ही विभिन्न खेल आयोजनों की व्यवस्था करता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवाओं के खेल कौशल पर जोर देना है और यह सुनिश्चित करना है कि वह एथलेटिक्स में अधिक से अधिक भाग लें।

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर में मजबूती और धन से जुड़ी सकारात्मक खबर मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और वरिष्ठ आपके काम से प्रभावित होंगे। प्रतियोगी आपके सामने टिक नहीं पाएंगे। सरकारी क्षेत्र या कॉर्पोरेट में कार्यरत लोगों को मान-सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे, विशेषकर यदि आप निर्माण, भूमि या कृषि संबंधी क्षेत्र से जुड़े हैं।

### वृष

आज दिन फाइनेंशियल रूप से स्थिर है, परंतु अत्यधिक परिश्रम के बावजूद लाभ अपेक्षा से कम हो सकता है। खर्चे अधिक रहेंगे, जिससे मानसिक दबाव हो सकता है। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन धीरे-धीरे आप स्थिति को अपने पक्ष में करने में सफल रहेंगे। नई योजनाओं को शुरू करने से बचें और निवेश को कुछ दिन स्थगित करें।

### मिथुन

आज दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक कामों में सफलता तो मिलेगी लेकिन साथ ही अचानक हानि के संकेत भी हैं, विशेषकर व्यापारियों को माल वापसी या घाटे की स्थिति झेलनी पड़ सकती है। संतान से जुड़ा कोई समाचार मानसिक ऊर्जा देगा।

### कर्क

आज दिन आर्थिक और करियर दृष्टिकोण से शुभ रहेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं और पूर्व में लिए गए निर्णय अब लाभ देने लगेंगे। नेटवर्किंग और जनसंपर्क के माध्यम से नए अवसर प्राप्त होंगे। किसी सरकारी कार्य से आर्थिक लाभ हो सकता है।

### सिंह

आज दिन आर्थिक और पेशेवर रूप से बहुत अच्छा साबित होगा। भाग्य का साथ मिलेगा और अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे। कार्यस्थल पर आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी, जिससे भविष्य में प्रमोशन या बोनस के संकेत बन सकते हैं। व्यवसाय में नई डील फाइनल हो सकती है और पुराने निवेश से लाभ मिलने के योग हैं।

### कन्या

आज दिन चुनौतियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिससे मानसिक दबाव भी रहेगा लेकिन आपकी कुशलता से कार्य पूरे होंगे। अत्यधिक श्रम करने पर भी वित्तीय लाभ सीमित रहेगा दिन निवेश और बड़े आर्थिक निर्णयों के लिए उपयुक्त नहीं है।

### तुला

आज दिन आर्थिक रूप से कुछ कठिन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में अत्यधिक मेहनत के बावजूद वांछित परिणाम नहीं मिल पाएंगे। गुप्त शत्रु सक्रिय रह सकते हैं, जिससे आपको मानसिक तनाव हो सकता है। व्यापार में लेन-देन को लेकर सतर्क रहें और कोई नया निवेश या साझेदारी का निर्णय न लें। परिवारिक आवश्यकताओं के कारण खर्च बढ़ सकते हैं।

### वृश्चिक

आज दिन करियर में निर्णायक साबित हो सकता है। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक समझौता आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है, जिससे आय में वृद्धि के योग हैं। कार्यस्थल पर आपकी वाणी और व्यवहार से आप दूसरों को प्रभावित करेंगे। नए क्लाइंट्स या प्रॉजेक्ट मिलने की संभावना है। साझेदारी में चल रहे व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए सही समय है।

### धनु

आज दिन धन-लाभ और करियर उन्नति का संकेत लेकर आया है। विशेषकर सरकार, प्रशासन, शिक्षा या न्याय से जुड़े क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को विशेष सम्मान मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा और अटके हुए कार्य पूरे होंगे। फाइनेंशियल प्लानिंग करने और निवेश शुरू करने के लिए अनुकूल समय है। व्यवसाय में अधिक धन लगाने से भविष्य में लाभ मिलेगा।

### मकर

आज दिन करियर और वित्तीय मामलों में तरक्की का संकेत है। उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आप किसी बड़ी जिम्मेदारी को निभाने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान मिलेगा और पुराने विवाद भी सुलझ सकते हैं। भूमि, प्रॉपर्टी या खनिज से जुड़े व्यवसाय में लाभ के योग हैं।

### कुंभ

आज कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभकारी है। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है या कोई अतिरिक्त आय का स्त्रोत बन सकता है। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यवसायियों को किसी वृद्ध व्यक्ति से मार्गदर्शन या धन सहायता मिलने की संभावना है। यात्रा से भी लाभ मिल सकता है, परंतु भाइयों से वाद-विवाद से बचें।

### मीन

आज दिन बहुत शुभ है। व्यवसाय में धन निवेश करने से आगे चलकर अच्छा लाभ होगा। आय के नए स्रोत सामने आएंगे और कोई पुरानी योजना आज मूर्तरूप ले सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी बुद्धिमत्ता और कार्यकुशलता की प्रशंसा होगी। विरोधी पक्ष शांत रहेगा और आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### असम : हिमंत ने बिहू समारोहों को 10 मई से रद्द करने का आह्वान किया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पहले से चल रहे बिहू समारोहों को 10 मई से रद्द करने का शुक्रवार को आह्वान किया। हालांकि शर्मा ने कोई कारण नहीं बताया, लेकिन माना जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उन्होंने यह अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, पिछले महीने से, हमने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे असम में उल्लास के साथ बिहू मनाया है। मैं सभी को उनकी उत्साही भागीदारी व योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। शर्मा ने 10 मई से निर्धारित सभी शेष बिहू समारोहों को रद्द करने की अपील करते हुए कहा, हालांकि, अब इस त्योहारी सीजन को समाप्त करने का समय आ गया है। बोहाग या रोंगाली बिहू अप्रैल के मध्य से मनाया जाता है, जो असमिया नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। लगभग एक महीने तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान राज्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, आइये, हम इस जीवंत उत्सव को उसी एकता और भावना के साथ शानदार ढंग से समाप्त करें, जिस भावना के साथ इसकी शुरुआत हुई थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट के नए पोप के रूप में चयन को लेकर कैथोलिक समुदाय को शुक्रवार को बधाई दी। प्रीवोस्ट (69) कैथोलिक चर्च के इतिहास में पहले अमेरिकी पोप हैं। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट के नए पोप - पोप लियो 14वें के रूप में चुने जाने पर दुनिया भर के सभी कैथोलिक को बधाई।'' प्रीवोस्ट को लियो 14वें के नाम से जाना जाएगा।

### तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कौशांबी, एजेंसी।** कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में घर में सो रही तीन वर्षीय बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सिराथू क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि सैनी थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्षीय बच्ची बृहस्पतिवार दोपहर में बरामदे में सो रही थी और उसके परिजन अन्य कार्यों में व्यस्त थे। उनके मुताबिक, उसी समय मानसिंह (28) ने उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने पर परिजन और आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना पर सैनी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बच्ची के पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### आईएमए की महाराष्ट्र इकाई ने चिकित्सकों से आपात स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय चिकित्सा संघ की महाराष्ट्र इकाई ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर राज्य के चिकित्सकों से नागरिकों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह तत्पर रहने का आग्रह किया है। आईएमए की राज्य इकाई के अध्यक्ष डॉ. संतोष कदम ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रीय संकट के क्षणों में हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की ताकत केवल बुनियादी ढांचे में नहीं, बल्कि इसके चिकित्सकों की तत्परता और (सेवा) भावना में निहित है। बृहस्पतिवार देर शाम जारी किए गए परामर्श में बड़े पैमाने की आपात स्थिति में त्वरित एवं समन्वित चिकित्सा प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सात-सूत्रीय तैयारी संबंधी रणनीति की रूपरेखा दी गई है। आईएमए ने सभी सदस्य क्लीनिक, नर्सिंग होम और अस्पतालों को आवश्यक आपातकालीन दवाइयों, पट्टी करने के लिए आवश्यक सामग्रियों और जीवन रक्षक दवाइयों का भंडार रखने का निर्देश दिया है। उसने प्रत्येक शाखा में आपदा प्रबंधन कार्यबल स्थापित करने की भी सिफारिश की है।

### मुख्यमंत्री स्टालिन 10 मई को सशस्त्र बलों के समर्थन में रैली का नेतृत्व करेंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन शनिवार को चेन्नई में सशस्त्र बलों के समर्थन में निकाली जाने वाली एक रैली का नेतृत्व करेंगे। यह रैली हाल ही में पाकिस्तान की ओर से बढ़ते आतंकी हमलों और सीमा उल्लंघनों के बीच देश की सुरक्षा में जुटे जवानों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने शुक्रवार को जानकारी दी कि यह रैली शाम पांच बजेपुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय से शुरू होकर आइलैंड ग्राउंड्स के पास स्थित वॉर मेमोरियल तक जाएगी। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान ने न केवल अपने लिए संकट खड़ा किया है, बल्कि भारत के खिलाफ लगातार उल्लंघन कर रहा है। ऐसे समय में भारतीय सेना बहादुरी से हमारी रक्षा कर रही है। अब समय है कि हम अपनी सेना के साथ खड़े हों और उनका समर्थन करें।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच 24 हवाई अड्डे बंद, एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर सूचित किया है कि भारत -पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए गुरुवार शाम तक देश भर के 24 हवाईअड्डों को नागरिक उड़ान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जम्मू, पंजाब, गुजरात और राजस्थान में भारतीय शहरों पर पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद तनाव और बढ़ गया है। बढ़ते खतरे के जवाब में, कई भारतीय एयरलाइंस ने यात्रा संबंधी एडवाइजरी जारी की है, जिसमें यात्रियों से सिक्योरिटी चेक को देखते हुए अतिरिक्त समय देने और बढ़ी हुई सुरक्षा जांच में सहयोग करने का आग्रह किया गया है। मंत्रालय ने बंद होने की अवधि या इस कदम के पीछे के कारणों को स्पष्ट नहीं किया। हवाई अड्डों को बंद करना एक व्यापक सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा है, जिसमें कई प्रभावित हवाई अड्डे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब या रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थित हैं। नागरिक उड़ानों के बंद होने से उत्तरी और पश्चिमी भारत में कनेक्टिविटी प्रभावित होने की उम्मीद है, और यात्रियों से हवाई अड्डे पर जाने से पहले एयरलाइनों से जांच करने का आग्रह किया गया है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने देश की सभी एयरलाइंस और हवाई अड्डों से सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की सलाह दी है। सभी यात्रियों को सभी हवाई अड्डों पर सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेक (एसएलपीसी) से गुजरना होगा, जिसे अक्सर प्री-बोर्डिंग निरीक्षण के रूप में जाना जाता है। सभी हवाई अड्डे के टर्मिनलों पर वाहनों की सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी, प्रवेश से पहले आईडी की जांच की जाएगी और यात्रियों के सामान की जांच की जाएगी। टर्मिनल भवनों में आगंतुकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तदनुसार एयर मार्शलों की तैनाती की जाएगी। बीसीएएस ने अपने आदेश में कहा, पहलगाम में हाल ही में हुए हमले और उसके बाद बढ़ी सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, सभी नागरिक उड्डयन प्रतिष्ठानों जैसे हवाई अड्डों, हवाई पट्टियों, हवाई अड्डों, वायु सेना स्टेशनों, हेलीपैड, उड़ान स्कूलों और विमानन प्रशिक्षण संस्थानों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाना आवश्यक है, ताकि देश में कोई अप्रिय घटना न हो। तदनुसार, सभी हितधारकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

एयर इंडिया ने कहा, हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के संबंध में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आदेश के कारण, देश भर के यात्रियों को चेक-इन और बोर्डिंग के लिए अतिरिक्त समय देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रस्थान से 75 मिनट पहले चेक-इन बंद हो जाएगा। अकासा एयर ने एक्स पर इसी तरह का नोटिस पोस्ट किया, जिसमें कहा गया, देश के सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के कारण, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचें। यह एक सुचारू चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए है।

यात्रियों को हवाई अड्डे में प्रवेश के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत वैध फोटो पहचान पत्र साथ रखना होगा। चेक किए गए बैगेज के अलावा, 7 किलोग्राम तक वजन वाले केवल एक हैंडबैग की अनुमति होगी। सभी यात्रियों को बोर्डिंग से पहले सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भी एक बयान जारी किया, इन असाधारण समय के दौरान, सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाया जा रहा है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षा जांच और औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए अपनी यात्रा के लिए अतिरिक्त समय दें। हम आपकी समझ और सहयोग की सराहना करते हैं। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के कारण, भारतीय एयरलाइंस ने इस सप्ताह देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक हवाई अड्डों पर विमान परिचालन को निलंबित कर दिया।

## राहुल गांधी ने केरल कांग्रेस के नए अध्यक्ष जोसफ को बधाई दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी की केरल इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष सनी जोसेफ को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह राज्य में न्याय की लड़ाई का नेतृत्व करेंगे। केरल में कांग्रेस पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कई सप्ताह से चल रही अनिश्चितता को समाप्त करते हुए, पार्टी ने बृहस्पतिवार को प्रदेश नेतृत्व में व्यापक बदलाव किया है। पार्टी ने सांसद के. सुधाकरन की जगह तीन बार के विधायक जोसेफ को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह बदलाव राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले किया गया है, जहां कांग्रेस एक दशक के एलडीएफ शासन के बाद सत्ता में वापसी के लिए प्रयास कर रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अधिवक्ता सनी जोसेफ और केपीसीसी की नई टीम को बधाई। केरल में न्याय और प्रगति की लड़ाई का नेतृत्व करने के लिए आपको शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, ''के. सुधाकरन जी पर गर्व है - एक निडर योद्धा हैं जिनका नेतृत्व और सेवा कांग्रेस पार्टी और केरल के लोगों के लिए मजबूती प्रदान करने वाले रहे हैं।'' सुधाकरन ने उन्हें केपीसीसी पद से हटाए जाने को लेकर असहमति व्यक्त की थी, लेकिन पार्टी आलाकमान ने राज्य में महत्वपूर्ण चुनावों से पहले एक नया चेहरा लाने का फैसला किया था। केरल में पार्टी संगठन में समीकरणों को संतुलित करने के प्रयास में सुधाकरन को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। राहुल गांधी ने पोप लियो को बधाई दी, शांति और करुणा की आशा व्यक्त की कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को बधाई दी, जो कैथोलिक चर्च के 2,000 साल के इतिहास में बृहस्पतिवार को पोप चुने गए पहले अमेरिकी हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पोप लियो 14 के रूप में चुने जाने के लिए कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को बधाई। उनके नेतृत्व में शांति, करुणा व मानवता की सेवा को बढ़ावा मिलने की कामना करता हूं।



### दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों की बढ़ाई गई सुरक्षा, लाल किला और कुतुब मीनार के बाहर अतिरिक्त बलों की तैनाती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद देश भर में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस ने बढ़ाई है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने लाल किला और कुतुब मीनार के पास सुरक्षा में इजाफा करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। पुलिस के मुताबिक, एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है, और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, आमतौर पर ऐतिहासिक इमारतों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहती है, लेकिन बॉर्डर पर तनाव देखते हुए दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में भी सुरक्षा को और बढ़ाया गया है। बता दें कि दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और इसी के चलते दिल्ली पुलिस की तरफ से एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है। भारतीय सेना के अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने 8 और 9 मई की मध्यरात्रि को पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) का भी सहारा लिया। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से खदेड़ दिया गया और सीएफवी को मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

## भारत-पाक तनाव के बीच, पंजाब में सभी शैक्षणिक संस्थान बंद, परीक्षाएं रद्द

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में, पाकिस्तान के साथ 532 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करने वाले पंजाब ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने और परीक्षाएं रद्द करने का आदेश दिया है। जालंधर स्थित आई.के. गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कहा कि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इसमें कहा गया है कि परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम नई तिथि से कम से कम पांच दिन पहले घोषित किया जाएगा।

राज्य सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। लैंडलाइन फोन नंबर 0172-2741803 और 0172-2749901 पर संपर्क किया जा सकता है। राज्य के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए, यह आदेश दिया जाता है कि पूरे पंजाब में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय - सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त - अगले तीन दिनों के लिए पूरी तरह से बंद रहेंगे। गुरुवार की रात को पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों - फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर, गुरदासपुर और तरनतारन में ब्लैकआउट की सूचना मिली। पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में प्राधिकारियों ने शनिवार तक सभी स्कूल बंद करने की घोषणा की है। दूसरी ओर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुरुवार को फिरोजपुर सेक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, उसे



शुक्रवार की सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करते समय मार गिराया गया। घुसपैठिये को लाखा सिंह वाला बीएसएफ चौकी के निकट एक गेट के पास घुसपैठ की कोशिश करते देखा गया था। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पंजाब के कुछ सीमावर्ती गांवों के लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। वहीं, पंजाब पुलिस के सभी कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं। पंजाब आम आदमी पार्टी के प्रमुख अमन अरोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार और सभी तीन करोड़ पंजाबी भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़े हैं। राज्य की पुलिस बल किसी भी पाकिस्तानी हमले का करारा जवाब देने के लिए हर लड़ाई में भारतीय सेना के साथ शामिल होगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या मुसलमानों के संभावित निर्वासन पर रोक लगाने से किया इनकार : नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली से रोहिंग्या मुसलमानों के संभावित निर्वासन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रोहिंग्या समुदाय को म्यांमार में हो रहे कथित नरसंहार के चलते भारत में शरणार्थी बताकर याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि उन्हें भारत में रहने का अधिकार दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार देश में निवास करने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को प्राप्त है पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्विस और वकील प्रशांत भूषण की ओर से दायर याचिकाओं पर विचार करते हुए कहा कि मामले की विस्तृत सुनवाई 31 जुलाई को की जाएगी।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आई रिपोर्ट अब पीएम और राष्ट्रपति के हाथ, आगे क्या ऐक्शन होगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ कैश कांड में जांच रिपोर्ट चीफ जस्टिस को सौंप दी गई थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस पर यशवंत वर्मा को विकल्प दिया था कि वे अपने पद से इस्तीफा दे दें और यदि ऐसा नहीं किया तो फिर महाभियोग की कार्रवाई की जाएगी। उन्हें जवाब देने के लिए 9 मई तक का वक्त मिला था। जस्टिस वर्मा ने इस संबंध में जवाब भी मुख्य न्यायाधीश को दे दिया है। उनके जवाब और तीन सदस्यीय न्यायिक पैनल की रिपोर्ट को अब चीफ जस्टिस ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास बढ़ा दिया है। माना जा रहा है कि अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई होगी। उन्हें इस्तीफे का विकल्प दिया गया था, जिससे वह पीछे हटते दिखे हैं। ऐसे में महाभियोग का ही विकल्प बचा है। आखिर कैसे और अब क्या होगी कार्रवाई अब चीफ जस्टिस ने जब फाइल को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के समक्ष भेज दिया है तो उनकी भूमिका समाप्त हो जाती है। उनकी ओर से फाइल को पीएम और राष्ट्रपति को बढ़ाने का अर्थ है कि उन्हें हटाने की सिफारिश की गई है। आर्टिकल 124 के तहत किसी जज को हटाने की कार्रवाई नियुक्ति देने वाली अथॉरिटी यानी राष्ट्रपति की ओर से ही हो सकती है। किसी भी जज को आर्टिकल 124 और आर्टिकल 217 के तहत ही हटाया जा सकता है। इसी के तहत महाभियोग का प्रस्ताव संसद में लाया जा सकता है। इसके लिए दुर्व्यवहार और अक्षमता को आधार माना जाता है। महाभियोग के प्रस्ताव के लिए यह जरूरी है कि इस पर कम से कम 100 लोकसभा सांसदों और 50 राज्यसभा सांसदों की सहमति हो। सदन के स्पीकर की ओर से महाभियोग प्रस्ताव के लिए तीन सदस्यों की कमेटी भी बनाई जा सकती है। इस कमेटी में न्यायिक क्षेत्र के ही तीन लोग होते हैं। कमेटी में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया या सुप्रीम कोर्ट का कोई जज रहता है। इसके अलावा हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस और कोई अन्य विद्वान न्यायविद इसका हिस्सा रहता है। यदि कमेटी रिपोर्ट को सही पाती है तो फिर उसे सदन में पेश किया जाता है और उस पर वोटिंग होती है। महाभियोग की प्रक्रिया के तहत कम से कम दो तिहाई सांसद जज को हटाने के पक्ष में होने चाहिए। यही नहीं संबंधित जज को संसद के समक्ष पक्ष रखने के लिए भी बुलाया जा सकता है। महाभियोग प्रस्ताव को संसद से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति के साइन की जरूरत होती है। प्रस्ताव को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलते ही जज को पद से हटा दिया जाता है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच मुंबई में अलर्ट मोड पर नौसेना, मछुआरों को दी संवेदनशील क्षेत्रों में न जाने की सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर मुंबई में नौसेना अलर्ट मोड पर है। भारतीय नौसेना ने मुंबई में मछुआरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की है। इस दौरान नौसेना ने मछुआरों को संवेदनशील क्षेत्रों में मछली पकड़ने के लिए नहीं जाने की सलाह दी है।

जानकारी के अनुसार, भारतीय नौसेना ने आशंका जताई है कि नौकाओं का इस्तेमाल पाकिस्तान 26/11 मुंबई अटैक की तरह कर सकता है, इसलिए मछुआरों को अलर्ट किया गया है। साथ ही मुंबई में जल्द ही मछली पकड़ने वाली नौकाओं का सर्वेक्षण किया जाएगा और एक ऐप की मदद से उनका डेटा एकत्र किया जाएगा।

भारतीय सेना के अनुसार, 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तान ने कई हमले किए, जिन्हें भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक नाकाम किया। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी से यह भी स्पष्ट हो चुका है कि जब पाकिस्तान ने जम्मू और पंजाब के कई इलाकों पर हमला करने की कोशिश की तो भारत ने उसे करारा जवाब दिया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान और दो जेएफ-17 विमान भी मार गिराए गए।

गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत के कई हिस्सों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय वायु रक्षा ने उनके भेजे गए ड्रोन को भी




गिरा दिया। भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में उड़ रहे उनके एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल सिस्टम को भी मार गिराया है। पाकिस्तान ने गुरुवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, पूंछ, सांबा और उरी में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। भारतीय एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने जम्मू एयरपोर्ट, सांबा, आरएस पुरा, अर्निया और आस-पास के इलाकों में पाकिस्तान की आठ मिसाइलों को हवा में ही रोक लिया। जम्मू विश्वविद्यालय के पास दो पाकिस्तानी ड्रोन भी गिराए गए। एक संयुक्त रक्षा बयान में कहा गया, जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में स्थित सेना के ठिकानों पर पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ। भारतीय सेना ने तय प्रक्रिया के अनुसार इन खतरों को खत्म किया।

# पानी पर राजनीति न करे मान सरकार : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल विवाद पर पंजाब सरकार के रूख पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार न तो संविधान को मानती है, न संवैधानिक संस्थाओं को मानती है और न ही संविधान का सम्मान करती है। पंजाब सरकार ने जल विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को दरकिनार किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से आग्रह किया कि वे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को मानते हुए हरियाणा के पानी को छोड़े। मुख्यमंत्री पंचकूला स्थित नाडा साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेकने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज यहां आने का परम सौभाग्य मिला है और नाडा साहिब गुरुद्वारा में शीश नवाकर देश प्रदेश की भलाई के लिए अरदास की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है। समय-समय पर गुरुओं ने हमेशा भलाई और कल्याण का संदेश दिया है और हम उन्हीं की शिक्षाओं को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। जब पंजाब - हरियाणा एक थे, तब भी कोई भेदभाव नहीं था। परंतु आज पंजाब की मान सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए यह



भेदभाव खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि हम पंजाब के हक का पानी नहीं मांग रहे हैं, बल्कि जो हरियाणा का हिस्सा है, वो भी पीने के पानी का, हम केवल वहीं मांग रहे हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को न मानना संवैधानिक पीठ का अपमान नायब सिंह सैनी ने हाईकोर्ट का धन्यवाद देते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने सोच विचार करके और दोनों पक्षों की बातें सुनकर अपना फैसला दिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को न मानना संवैधानिक पीठ का अपमान है। संवैधानिक फैसलों को न मानना इनकी फितरत रही है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सर्वोच्च है और संवैधानिक पीठ का सम्मान करना हम जैसे संवैधानिक पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों का दायित्व है। परंतु हाईकोर्ट के फैसले को दरकिनार करते हुए और उसको न मानते हुए डैम पर जाकर ताला लगा देना व धरने पर बैठ जाना, ये सही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता है। समय के साथ पानी की दिक्कत आ रही है। यह जीवन पानी से चलता है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री अपनी राजनीति को चमकाने के लिए पानी को रोक कर बैठे हैं।

# मैं जब बीसीसीआई अध्यक्ष था तो रोहित शर्मा महान कप्तान थे - गांगुली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और विश्व क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिसने क्रिकेट जगत में एक युग के अंत की शुरुआत की। रोहित ने 7 मई 2025 को अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा, और उनका आखिरी टेस्ट मैच 26 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेला गया था। बीसीसीआई ने इस अवसर पर रोहित को ÷हिटमैन÷ के रूप में सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की और पुष्टि की कि वह वनडे क्रिकेट में भारत का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

इसी बीच पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने रोहित की उपलब्धियों की प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गांगुली ने कहा कि वह (रोहित) भारत के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। उनका करियर शानदार रहा है, और वह भारत के लिए वनडे और आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे। गांगुली ने यह भी उल्लेख किया कि रोहित ने कप्तान के रूप में भारत को कई यादगार जीत दिलाईं, और बीसीसीआई का काम खिलाड़ियों का समर्थन करना है।गांगुली ने रोहित की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब वह बीसीसीआई अध्यक्ष थे, तब उन्होंने 2021 में रोहित को भारतीय टीम का कप्तान बनाया था। उस समय इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी, खासकर जब विराट कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ी थी। गांगुली ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब मैंने रोहित को कप्तान बनाया था, तब मुझे बहुत गालियां मिली थीं। लेकिन अब, जब उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीता, तो लोगों ने मुझे गाली देना बंद कर दिया। गांगुली का मानना था कि रोहित में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब जिताकर पहले ही साबित कर दी थी।






हालांकि, गांगुली ने रोहित के टेस्ट फॉर्म पर भी चिंता जताई थी। मार्च 2025 में, उन्होंने कहा कि रोहित का पिछले 4-5 वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने कहा कि उनके कद और क्षमता वाला खिलाड़ी इससे कहीं बेहतर कर सकता था। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों के लिए अपनी सोच पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह एक कठिन सीरीज होगी। गांगुली ने यह भी सुझाव दिया कि रोहित को टेस्ट क्रिकेट में वही आक्रामकता और जुनून दिखाना चाहिए, जो उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में दिखाया

बता दें कि रोहित ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में की थी, जहां उन्होंने 177 रनों की शानदार पारी खेली। अपने 12 साल के टेस्ट करियर में, रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन रहा।

## यशस्वी जायसवाल का यू-टर्न, पत्र लिखकर फिर से मुंबई के लिए खेलने की अनुमति मांगी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से अनुरोध किया है कि उन्हें घरेलू दिग्गजों के साथ बने रहने की अनुमति दी जाए। उनका यह फैसला गोवा में जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगने के एक महीने बाद आया है।

अप्रैल में जायसवाल ने गोवा में जाने के लिए एमसीए को पत्र लिखकर सभी को चौंका दिया था। अपनी ओर से स्ब्द ने भी जायसवाल के अनुरोध को तुरंत मंजूरी दे दी थी। जायसवाल द्वारा एमसीए को लिखा गया ईमेल है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अगले घरेलू सत्र में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध हैं। जायसवाल ने लिखा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मुझे दिए गए एनओसी को वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि गोवा में जाने की मेरी कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है!

उन्होंने कहा, इसलिए मैं ईमानदारी से स्ब्द से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सत्र में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए! मैंने बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को एनओसी नहीं सौंपी है!। जायसवाल उत्तर प्रदेश के भदोही से मुंबई चले गए और पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए सभी प्रारूपों में पदार्पण करने के लिए रैंक के माध्यम से आगे बढ़े, ऐसा भी माना जाता था कि कप्तान बनने की संभावना के कारण वे मुंबई से गोवा चले गए थे।



व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर ने शायद 23 वर्षीय जायसवाल को गोवा के साथ बिताने के लिए बहुत समय नहीं दिया होगा, लेकिन उनका कप्तान बनने से उन्हें प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं में कुछ अनुभव प्राप्त होगा। गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पहले पुष्टि की थी कि जायसवाल उनके कप्तान होंगे और गोवा टीम को 2025-26 सीजन से पहले प्लेट डिवीजन से एलीट में अपग्रेड किया जाएगा।

## पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच खिलाड़ियों ने भारतीय सशस्त्र बलों का किया समर्थन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा, विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया। भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था।

रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। प्रत्येक भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षित रहें। ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद।

विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सलाम करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे और हमारे महान राष्ट्र के लिए उनके और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।





ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने पोस्ट किया, 'भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद।

धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच सुरक्षा कारणों से बीच में रोककर रद्द करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसके बाद आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाज सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, 'पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।

शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, 'हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने भी शामिल थे।

विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, 'हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के लिए हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, 'आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रद्द नहीं होगी पाकिस्तान सुपर लीग, विदेश में खेले जाएंगे बचे हुए मैच

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के साथ चल रहे सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी बचे मैचों को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित करने का फैसला किया, क्योंकि टूर्नामेंट में भाग ले रहे विदेशी खिलाड़ी चिंतित हैं। पीसीबी ने शुक्रवार की सुबह बयान जारी करके कहा कि टूर्नामेंट के आखिरी आठ मैच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किए जाएंगे। पहले इनका आयोजन रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में होना था।




बयान के अनुसार इन मैचों का कार्यक्रम निर्धारित समय पर साझा कर दिया जाएगा। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आरोप लगाया कि भारत ने पीएसएल को बाधित करने के लिए पाकिस्तान के अंदर हालिया हमले में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान द्वारा बुधवार रात भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर हमला करने की कोशिश के बाद गुरुवार को केवल वायु रक्षा रडार और प्रणाली को निशाना बनाया गया था।

नकवी ने दावा किया, 'रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाने की बेहद गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक भारतीय कार्रवाई को देखते हुए, जो स्पष्ट रूप से चल रहे पाकिस्तान सुपर लीग को बाधित करने के लिए किया गया था, पीसीबी ने शेष मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

पीसीबी प्रमुख ने कहा कि घरेलू और विदेशी क्रिकेटरों की चिंताओं का उचित समाधान करने के लिए टूर्नामेंट को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा, 'एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हमारे लिए पीएसएल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की मानसिक रूप से मजबूती सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण था। इससे पहले गुरुवार को पीसीबी ने रावलपिंडी स्टेडियम में पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच निर्धारित मैच रद्द कर दिया था। ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्टों में कहा गया है कि लीग में भाग ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

## जूलियस सुमेरौअर ने टी20 लीग में जड़ी 11 गेंदों पर फिफ्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईसीएस जर्सी टी10 लीग के दौरान सेंट्रल कमांडर्स और साउदर्न स्पिटफायर्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह बल्लेबाज जूलियस सुमेरौअर के कारण चर्चा में रहा जिन्होंने महज 11 गेंदों पर अर्धशतक लगाया लेकिन उनकी टीम फिर भी जीत नहीं पाई। रोमांचक मुकाबले में साउदर्न स्पिटफायर्स ने पहले खेलते हुए महज एक विकेट खोकर ही 10 ओवर में 172 रन बना दिए थे। जवाब में खेलने उतरी सेंट्रल कमांडर्स टीम 5 विकेट खोकर 163 रन ही बना पाई। जूलियस सुमेरौअर ने 12 गेंदों पर 2 चौके और 7 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। यह टी10 की संभवत- सबसे तेज फिफ्टी रही।



### साउदर्न स्पिटफायर्स - 172-1 (10 ओवर)

जैक ट्राइब के साथ स्टीव बुलेन ने साउदर्न के लिए ओपनिंग की थी। जैक जब पांचवें ओवर में 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर आऊट हो गए तो स्टीव ने एडवर्ड के साथ मिलकर विरोधी टीम के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। स्टीव ने जहां 29 गेंदों पर 9 चौके और पांच छक्कों की मदद से 76 रन बनाए तो वहीं, एडवर्ड ने 21 गेंदों पर 22 चौके और 10 छक्कों की मदद से 74 रन जड़ दिए और स्कोर 172 तक पहुंचा दिया। सेंट्रल के लुई सबसे महंगे गेंदबाज रहे जिन्होंने दो ओवर में 46 रन लुटा दिए।

### सेंट्रल कमांडर्स - 163-5 (10 ओवर)

सेंट्रल को जूलियस सुमेरौअर और बेन हैलिस ने धमाकेदार शुरूआत दी। दोनों ने 2.2 ओवर में ही पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़ दिए। बेन 8 गेंदों पर 21 रन बनाकर आऊट हुए। चौथी ओवर में जुलियस भी 12 गेंदों पर 2 चौके और 7 छककों की मदद से 51 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद स्कॉट वेन ने 12 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। मध्यक्रम में डोमिनिक और जोल के फेल हो जाने के बाद स्कॉट सिंपसन ने 10 गेंदों पर 21 तो अभिषेक ने 11 गेंदों पर 23 रन बनाए लेकिन टीम 163 रन ही बना पाई और 9 रन से मुकाबला गंवा दिया।

## बहन डर गई... धर्मशाला में मैच रद्द होते ही घबराई आईपीएल चीयरलीडर्स

**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में जब पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण रद्द हुआ तो स्टेडियम में फैले अंधेरे से एक चीयरलीडर्स डर गई। उसने सोशल मीडिया पर धर्मशाला के मैदान से एक वीडियो शेयर की है जिसमें वह स्थितियों के कारण डरी हुई दिख रही हैं। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के बीच मैच को पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था।

एक वीडियो में उसने कहा कि मैच के बीच में स्टेडियम को खाली करवा दिया गया था और लोग बम आने वाले हैं चिल्ला रहे थे। उसे उम्मीद थी कि आईपीएल अधिकारियों से उसे मदद मिलेगी ताकि वह धर्मशाला से सुरक्षित बाहर निकल सके। उसने वीडियो में कहा- तो मूल रूप से, खेल के बीच में पूरे स्टेडियम को खाली करा दिया गया था, और यह बहुत डरावना था। हर कोई बस चिल्ला रहा था कि बम आ रहे हैं। यह अभी भी बहुत डरावना है। हम वास्तव में धर्मशाला से बाहर जाना चाहते हैं, और मुझे उम्मीद है कि आईपीएल के लोग हमारा ख्याल रखेंगे। यह बहुत डरावना है। मुझे नहीं पता कि मैं क्यों नहीं रो रही हूँ। मुझे लगता है कि मैं अभी भी सदमे में हूं (कि) क्या हो रहा है। उक्त वीडियो को एक सोशल मीडिया यूजर्स ने शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा- आईपीएल मैच रद्द होने के बाद भारत में दहशत का माहौल। बहन डर गई बहन डर गई।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने उल्लेख किया कि खिलाड़ियों, सहयोगी कर्मचारियों और प्रसारण दल को धर्मशाला से बाहर लाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की जाएगी।

## रोहित शर्मा ने भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की

### मुझे हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना की प्रशंसा की क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश में 9 स्थानों पर आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने के बाद से ही तनाव बना हुआ है जिसे भयावह पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था।

रोहित शर्मा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, हर बीतते पल के साथ, हर लिए गए निर्णय के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना पर बहुत गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। हर भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी झूठी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना ज़रूरी है।

## क्या एशिया कप में हिस्सा नहीं लेगा भारत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के कारण इस समय यह बहुत कम संभावना है कि भारत बांग्लादेश (अगस्त) का दौरा करेगा और इस साल के अंत में एशिया कप (सितंबर) में भाग लेगा। यह विश्वसनीय रूप से माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जरूरत पड़ने पर आईपीएल के शेष मैचों को पूरा करने के लिए इस समय का इस्तेमाल कर सकता है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) वर्तमान में एक ऐसी विंडो पर काम कर रहा है, जहां वे आईपीएल 2025 के शेष 17 मैचों (धर्मशाला मैच भी शामिल है, जो बीच में ही रद्द कर दिया गया था) का आयोजन कर सकें, जिसमें दो क्वालीफायर, एक एलिमिनेटर और फाइनल शामिल हैं।

भारत को जून के पहले सप्ताह में पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए इंग्लैंड जाना है और अगर तनाव जल्दी कम नहीं होता है तो बीसीसीआई के लिए अगस्त-सितंबर का समय टूर्नामेंट को पूरा करने का एकमात्र अवसर हो सकता है। भले ही आईपीएल भारत के बांग्लादेश दौरे और एशिया कप से पहले पूरा हो जाए, लेकिन यह पूरी तरह से संभव नहीं है। बीसीसीआई इस रुख को नरम करने के मूड में नहीं दिख रहा है। गुरुवार रात धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड अब यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ सदस्य सुरक्षित रहें और किसी तरह की घबराहट की स्थिति में न हों। शुक्रवार को आईपीएल के सभी खिलाड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मैच के लिए लखनऊ में थे जिसे भी रद्द कर दिया गया है। इसी के साथ ही पूरी लीग को ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।



# मेरिट सूची में आए 8 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान




**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पन्ना जिले के 8 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा किया गया। मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने पर सरस्वती उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर की छात्रा प्रिया पटेल, नौवां स्थान प्राप्त करने पर रैनबो पब्लिक स्कूल की छात्रा ओशी जैन एवं शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ के छात्र महेन्द्र यादव, दसवां स्थान प्राप्त करने पर बीपी मेमोरियल उ.मा. विद्यालय शाहनगर के छात्र सौरभ कुशवाहा एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल गुनौर के छात्र राज सिंह राजपूत का सम्मान किया गया। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला संकाय के शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के छात्र रंजीत कुमार पटेल को चौथा स्थान प्राप्त करने पर, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ की छात्रा चंचल विश्वकर्मा को नौवां स्थान प्राप्त करने पर तथा शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के छात्र प्रकाश कुशवाहा को प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचाई। कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावको, शिक्षकों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से परीक्षा की तैयारी एवं अनुभवों को साझा करते हुए उनके भविष्य के लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत और साहस के दो मूल मंत्रो के साथ आगे बढ़ें। कलेक्टर ने मेधावी छात्रों के अभिभावकों से भी उनके त्याग और सहयोग की जानकारी लेकर इच्छा के अनुसार तय किए गए लक्ष्य के अनुसार आगे बढ़ने में मदद करने की बात कही। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि सफलता पर रुकें नहीं, बल्कि सफलता को निरंतर बनाए रखने के लिए मेहनती प्रयास जारी रखें। अपने माता-पिता और गुरुजनों का सदैव आदर करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी एवं शिक्षकों के सार्थक प्रयास से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं तथा शैक्षिक गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार के लिए आवश्यक प्रयास की बात कही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव ने भी सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगन और परिश्रम से आगे की पढ़ाई कर सफलता की निरंतरता बनाए रखें। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए परीक्षा पूर्व किए गए विभागीय स्तर पर समन्वित प्रयासों की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए मार्गदर्शन के प्रति आभार भी जताया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, एडीपीसी भारती श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित संबंधित विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

## दो आंगनबाडी कार्यकर्ता सेवा से पृथक

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पन्ना ग्रामीण बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र से लगातार अनुपस्थित रहने, केन्द्र संचालन में लापरवाही तथा विभागीय निर्देशों के अनुसार आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन न करने वाली कार्यकर्ता-सहायिकाओं के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत नगर परिषद देवेन्द्रनगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित केन्द्र की कार्यकर्ता आरती नामदेव एवं आंगनवाडी केन्द्र ललार की कार्यकर्ता पूनम त्रिपाठी को आंगनवाडी केन्द्र से निरंतर अनुपस्थित रहने, केन्द्र संचालन में लापरवाही बरतने और केन्द्र का विधिवत संचालन न करने पर सेवा से पृथक किया गया है।

## नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक



**पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार, 10 मई को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन और राजीनामा के जरिए अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से आज प्रिसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्राधिकरण के सचिव राज कुमार गौड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में क्लेम प्रकरणों के आवेदक एवं अनावेदक तथा बीमा कम्पनी के अभिभाषकगण उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी द्वारा बैठक में सालसा द्वारा क्लेम प्रकरणों में प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा कर प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई गई और प्रपोजल भी तैयार करवाए गए। बीमा कंपनी से सहमति प्राप्त होते ही उक्त सभी प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। प्रिसिटिंग बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, बीमा कंपनी के अभिभाषक एम.एल. अवस्थी, आवेदक अधिवक्ता पवन शुक्ला, रोशन तिवारी, विजय शंकर पाण्डेय, के.के. तिवारी, अशोक शर्मा, नरेन्द्र श्रीवास्तव, डी.के. सेन, महेन्द्र द्विवेदी, दीपक उपाध्याय, रोशन तिवारी, विजय सिंह राजपूत, आनंद त्रिपाठी एवं करण सिंह भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जल निगम कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को बायपास रोड स्थित जल निगम पन्ना कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। मेसर्स कल्पतरू बिल्डर्स द्वारा भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा भवन निर्माण के संबंध में जल निगम के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा से ड्राइंग व डिजाइन इत्यादि की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। इसके अलावा स्टॉफ क्वार्टर के निर्माण के लिए निर्माणाधीन भवन के सामने प्रस्तावित भूमि के संबंध में सीमांकन सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी उपस्थित पटवारी को दिए। आवास निर्माण के दौरान भी निर्धारित शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

## महारानी दुर्गा राजलक्ष्मी विद्यालय का रहा उत्कृष्ट परिणाम

**पन्ना।** नगर की उत्कृष्ट संस्था महारानी दुर्गा राज्यलक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना का वार्षिक परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा फल में संस्था की कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी जानवी शिवहरे पिता श्री सत्य प्रकाश शिवहरे ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्र मोहित सिंह पिता श्री भरत सिंह ने 88त्न प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे तृतीय स्थान पर छात्रा कुमारी चंचल साहू पिता श्री राजेश साहू ने 86.2 प्रतिशत प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुमारी प्रियांशी रैकवार पिता श्री राकेश कुमार रैकवार ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का किया वर्णन

**कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना की जय जयकार के भी नारे लगाए गये तथा कहा कि असुरों एवं दुराचारियों का विनाश होना निश्चित है**



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री जुगल किशोर जी मंदिर पन्ना धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन बाल व्यास कथावाचक श्री पार्थवीर शुक्ला ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसके साथ ही बालक व्यास पार्थ वीर शुक्ला द्वारा भगवान एवं ईश्वर की कई अन्य कथाओं का मनमोहक वर्णन किया गया जिसको सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए। तत्पश्चात कथा व्यास द्वारा भारतीय सेना के जय जय कर किनारे लगाए जिससे पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया उन्होंने कहा कि अब राक्षसों का नाश होना तय है दिनांक 9 मई 2025 को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य आयोजक अनुपम शुक्ला द्वारा श्रोतागण से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाये।

## सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध हुई कार्यवाही

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़ के प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई की है, जिसके तहत गत 6 मई को जपं सीईओ की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान ग्राम पंचायत झिन्ना में पीएम आवास योजना के आवास प्लस अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध पूर्णता में न्यूनतम प्रगति, समग्र सीडिंग कार्य में लापरवाही सहित जल गंगा संवर्धन अभियान में लक्ष्य अनुरूप कम प्रगति पाए जाने पर सचिव चन्द्रशेखर यादव को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। जिपं सीईओ ने निलंबन पश्चात् तत्काल प्रभाव से ग्राम रोजगार सहायक को आगामी आदेश तक सचिवीय प्रभार सौंपा है। सचिव के विरूद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। इसके लिए जपं सीईओ अजयगढ़ को जांचकर्ता एवं खण्ड पंचायत अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर विभागीय जांच प्रतिवेदन एक माह के भीतर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव द्वारा जनपद पंचायत सीईओ से दूरभाष पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी भी दी गई थी। इसी तरह ग्राम पंचायत बहिरवारा के ग्राम रोजगार सहायक राजेश लोध को शासकीय कार्यों से पृथक रखकर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। साथ ही रोजगार सहायक के विरूद्ध विभिन्न आरोपों की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक यंत्री एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ की जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रतिवेदन में वर्णित आरोपों की विस्तृत जांच कर अभिलेख और साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जांच अवधि में रोजगार सहायक को नियमानुसार निर्धारित मासिक पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत पारिश्रमिक भुगतान मिलेगा। रोजगार सहायक राजेश लोध के विरूद्ध ग्रामवासियों, सरपंच व सचिव के माध्यम से अभद्र भाषा का प्रयोग एवं अभद्र व्यवहार की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में खण्ड पंचायत अधिकारी एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा जांच की गई।

## निर्माण कार्य को लेकर ग्राम पंचायत दिया के सरपंच ने प्रभारी मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपे

**पन्ना।** पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी ने निर्माण तथा विकास कार्यों को लेकर प्रभारी मंत्री को मांग पत्र सौंपे हैं जिसको लेकर प्रभारी मंत्री ने विभागीय मंत्रियों को पत्र लिखकर तत्काल कार्यवाही करने का आग्रह किया है पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2012-13 में बुंदेलखंड पैकेज से तालाब निर्माण कार्य जो अधूरा पड़ा है उसे पूरा किया जाए जिसको लेकर प्रभारी मंत्री ने जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावटको पत्र लिखा है।

## निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**21 मई तक कर सकेगे ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार**

**पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निजी स्कूल में नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया गत 5 मई से प्रारंभ है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अपने ग्राम व वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संबंध में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन कर आगामी 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कार्य कर सकते हैं। आवेदन उपरांत निर्धारित तिथि एवं सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बाद पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा।

डीपीसी अजय गुप्ता ने बताया कि आवेदनों के सत्यापन कार्य की प्रक्रिया 7 से 23 मई तक सत्यापन केन्द्र बनाए गए जन शिक्षा केन्द्र में संचालित है। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा आवेदकों को आगामी 29 मई तक स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को इसकी सूचना एसएमएस से भी मिलेगी। 2 से 10 जून तक आवंटित अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन की रिर्पोटिंग कराना जरूरी है। इस संबंध में अधिक जानकारी बीआरसी कार्यालय अथवा जन शिक्षा केन्द्र से भी प्राप्त की जा सकती है।

## नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने जारी किए गए नोटिस, मचा हड़कंप

**पन्ना।** नगर पालिका पन्ना द्वारा किशोरगंज वार्ड क्रमांक 21 के नागरिकों के परिवारों को नोटिस जारी किए गए हैं और क्षेत्र में बनाए गए मकानों को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध भी में लेख किया गया है जबकि उक्त परिवार पैतृक रूप से 50 वर्षों से रह रहे थे नोटिस में उल्लेख किया गया है की श्री जुगल किशोर लोक बनाने के लिए उक्त जमीन की आवश्यकता है पत्र में हवाला दिया गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पत्र क्रमांक 14 14 के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। उक्त नोटिस लगभग 20 से अधिक लोगों को दिए गए हैं जिनके पैतृक मकान उक्त क्षेत्र में बने हुए मकान हटाने को लेकर मिले नोटिस से संबंधित क्षेत्र के लोग भारी परेशान हैं। जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा भूमि हीन लोगों को जमीन देने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर सैकड़ों लोगों को अतिक्रमण के नाम पर बेदखल किया जा रहा है नगर पालिका द्वारा जारी किए गए नोटिस के माध्यम से 13 मई को जवाब देने का उल्लेखकिया है आगे देखना है क्या कार्यवाही की जाती है ।

## अपहृत नाबालिक बालिका को गुनौर पुलिस ने किया दस्तयाब

**पन्ना।** फरियादी के द्वारा थाना गुनौर उपस्थित होकर ऐसी मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी की उसकी नाबालिक लड़की पड़ोस में बनी किराना दुकान पर सामान लेने का कह कर गई थी और तभी से वापस नहीं लौटी है उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति अज्ञात जगह पर बहला फुसला कर ले गया है । फरियादी की उक्त सूचना पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 119/25 धारा 137(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया था । घटना नाबालिक बच्ची से संबंधित गंभीर प्रवृत्ति का पाए जाने से पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा एस. थोटा के द्वारा गुनौर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को उक्त प्रकरण में तत्परता से काम करने हेतु आदेशित किया गया था । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी गुनौर श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सूचना प्राप्ति के तत्काल बाद से बालिका को खोजने के यथासंभव प्रयास किए गए जिसके फलस्वरुप अपहृत नाबालिक बालिका को दस्तयाब करने में सफलता हासिल कर ली गई है । बालिका ने अपने कथन में आरोपी विधि विरुद्ध बालक के द्वारा उसे शादी का प्रलोभन देकर देकर गलत कार्य करने जैसे आरोप लगाए हैं जिससे प्रकरण में संबंधित गंभीर धाराओं का इजाफा किया गया एवं आरोपी विधि विरुद्ध बालक को पुलिस के द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया है । माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी विधि विरुद्ध बालक को बाल संप्रेषण गृह छतरपुर में भेज दिया गया है । बालिका के वापस प्राप्त होने पर बालिका के परिजनों के द्वारा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है । पन्ना पुलिस अधीक्षक के द्वारा उत्साहवर्धन के लिए टीम को उचित इनाम देने की घोषणा की गई है ।उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सुशील कुमार थाना प्रभारी गुनौर , उप निरीक्षक जे.पी. अहिरवार थाना गुनौर , आरक्षक देवराज पटेल , महिला आरक्षक मोनिका सिंह थाना गुनौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## रॉयल पब्लिक हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का रहा बेहतर प्रदर्शन

**पन्ना।** नगर की गौरवशाली संस्था रॉयल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल स्कूल के छात्राओं द्वारा हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल में बेहतर प्रदर्शन किया है तथा विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 95त्न रहा तथा हाई स्कूल का परिणाम 92त्न रहा है जिन छात्र छात्राओं ने बाजी मारी है उनमें हाई स्कूल कक्षा दसवीं के छात्र शिवमपांडे ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है नमन गुप्ता ने 91.8 प्रतिशतअंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा शिवांश द्विवेदी ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है इसी प्रकार हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में कुमारी पलक गोस्वामी ने 94.6त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया कुमारी पूर्वी पटेरिया ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा कुमारी प्रिंसी पांडे ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में अंकित साहू 90 प्रतिशत अंक बृजेश दुबे 87.1त्न प्रतिशत अंक तथा माही शिव हरे एवं अर्चना विश्वकर्मा ने सम्मिलित रूप से 86त्न प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं उक्त सफलता पर छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य सुनील गुरु श्रीमती सिमी गुरु तथा विद्यालय स्टाफ द्वारा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हैंड पंप सुधर जाने से ग्रामवासियों का पेय जल संकट हुआ दूर



**पन्ना।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायत बिलाही के ग्राम कोडाई में भारी जल संकट का सामना ग्राम के लोग कर रहे थे ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की वैठक के दौरान महिला सदस्यो ने वताया की स्कूल के मोहल्ला के लगभग 42 परिवार दिन भर पानी की जददेजहद में लगे रहते है। गांव में दो -तीन हैन्ड पम्प है जहां से पानी काम चालाउ मिल रहा है। पंचायत ने प्रयास कर हैन्ड पम्प में मोटर डलवाया लेकिन पानी कम होने से मोटर जल गया । लगभग 148 परिवार के लोग हैन्ड पम्प एवं कुओं पर निर्भर है।

समिति की मींटिंग में पता चला की गांव में अहिरवार मोहल्ले में वरात आनी है लेकिन हैन्ड पम्प खाराब है। समिति एवं संस्था के सदस्यो ने पीएचईडी के इंजीनियर अनिरूद्व कुमार चौवे एवं स्थानीय मकैनिक से सम्पर्क कर तुरंत सुधारनेका आग्रह किया और हैन्ड पम्प सुधर गया । इंजीनियर चौवे ने कहा की पानी की समस्या का हर हाल में निराकरण किया जाएगा शादी समारोह एवं बारात को पेय जल भी कोई समस्या नहीं होगी तथा तथा पानी उपलब्ध कराया जाएगा विभाग के उपयंत्री के प्रयास से हैंड पंप में सुधार कार्य किया गया है। तथा लोगों को पानी उपलब्ध कराया गया पंचायत मित्र दिनेश, पूर्व सरपंच केशव प्रसाद यादव, सचिव, संतोष कुमार शुक्ला वेटी के पिता नोने लाल अहिरवार के पानी की चिन्ता खत्म हुई उक्त कार्य में समर्थन संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 10 मई 2025





मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताव सिंह गुर्जर साहब ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान रीवा में जल गंगा अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी तीन दिवस में सभी कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें, समय सीमा में करें कार्य पूर्ण : उप मुख्यमंत्री

## रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के कार्यों की प्रगति की उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है, ताकि किसी प्रकार की बाधा समय रहते दूर की जा सके। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों की गति बनी रहे और बजट का प्रभावी उपयोग संभव हो सके।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी-सिंगरौली फोरलेन मार्ग के शेष भाग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अत: प्रशासनिक अड़चनों को सर्वोच्च प्राथमिकता से दूर किया जाए। यह उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही, उन्होंने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) द्वारा वित्तपोषित रीवा-बेड़ा-सेमरिया मार्ग के शेष लगभग एक किमी मार्ग (ढेकहा तिराहा से मंडी तक) को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है, इसके शीघ्र निर्माण से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उमरिया से शहडोल तक 2-लेन मार्ग के उन्नयन कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि यह कार्य 93 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। रीवा बायपास फोरलेन मार्ग परियोजना का 14 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें 4 मध्यम पुलों में से 2, 39 बॉक्स कल्वर्ट में से 14 तथा आवश्यक 5 वीयूपी (वर्टिकल अंडर पास) में से 2 का कार्य प्रगतिरत है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए और तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री भरत यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मऊगंज जिला दण्डाधिकारी ने रिंकू उर्फ अरसद अंसारी को किया जिला बदर

**रीवा।** मऊगंज जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन द्वारा रिंकू उर्फ अरसद अंसारी को जिला बदर किये जाने का आदेश दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने रिंकू उर्फ अरसद अंसारी पिता इबरान निवासी मऊगंज वार्ड क्रमांक 6 को मऊगंज एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले सीधी एवं रीवा की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिये निष्कासित करने का आदेश दिया है। उन्होंने आदेश प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर जिले की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। आदेश का उल्लंघन करने पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## अपर मुख्य सचिव ने शत-प्रतिशत ई-केवाईसी व गेंहू उपार्जन के भुगतान कराने के दिए निर्देश



**रीवा।** अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ने भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चलाकर शेष सदस्यों की ई केवाईसी अपडेट कराएं। इसके साथ-साथ विषमता परिवार, मृतक हितग्राही तथा स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों के नाम पोर्टल से पृथक करें। जो व्यक्ति ई केवाईसी कराने नहीं आ रहे हैं उनके नाम भी पोर्टल से हटाएं। यदि हितग्राही वर्तमान में निर्धारित निवास स्थान से बाहर हैं तो उसे ऐप के माध्यम से ई केवाईसी अपडेट करने की सूचना दें। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य नियत समय सीमा में किया जाना अनिवार्य है। अपर मुख्य सचिव ने समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेंहू का किसानों को भुगतान करने तथा उपार्जन केन्द्र से शत-प्रतिश परिवहन किए जाने के निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिए। उन्होंने धान उपार्जन में शॉर्टेज की वसूली किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि धान मिलर्स की जो जाँच प्रक्रियाधीन है उसे शीघ्र निराकृत करें। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान आयुक्त रीवा संभाग बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा पूर्व नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 15 मई तक आमंत्रित

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है। जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन नंबर 07662-299221 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## अरहर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 15 मई तक

**रीवा।** शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर जिले भर में अरहर का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर अरहर (तुअर) फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 15 मई तक होगा तथा सत्यापन 17 मई तक किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि उपार्जन के लिए किसान ई उपार्जन पोर्टल में अपना पंजीयन 15 मई से पहले करा लें। सभी सहकारी समिति प्रबंधक तुअर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन का लाभ मिलेगा।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

## नेशनल लोक अदालत में 42 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 42 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मनगवां, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 23 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 6 खण्डपीठ, सिरमौर में 4 खण्डपीठ, त्योंथर में 3, मनगवां में एक खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में एक खण्डपीठ गठित की गयी हैं। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्डपीठ क्रमांक एक में जिला न्यायाधीश श्री असरफ अली, खण्डपीठ क्रमांक 2 में श्री सुधीर सिंह राठौड, जिला न्यायाधीश श्री संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 3 में, खण्डपीठ क्रमांक 4 में जिला न्यायाधीश मोहित कुमार, खण्डपीठ क्रमांक 5 में जिला न्यायाधीश श्री आशीष कुमार शुक्ला, खण्डपीठ क्रमांक 6 में न्यायाधीश श्री शरद कुमार गुप्ता तथा खण्डपीठ क्रमांक 7 में न्यायाधीश श्री अनुज त्यागी को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 8 में न्यायाधीश सुधीर सिंह ठाकुर, खण्डपीठ क्रमांक 9 में न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 10 में न्यायाधीश आशीर्वाद भिलाला, खण्डपीठ क्रमांक 11 में न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 12 में न्यायाधीश यशपाल सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 13 में न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 14 में न्यायाधीश श्रीमती अनु सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 15 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 16 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। इसी प्रकार खण्डपीठ 17 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री वरूण शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 18 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री दयाल सिंह सूर्यवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 19 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री शैलेन्द्र रैकवार, खण्डपीठ क्रमांक 20 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्रीमती आरती सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 21 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार कोरी, खण्डपीठ क्रमांक 22 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री कंचन सैनिक, खण्डपीठ क्रमांक 23 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश रंजीत भदकरिया, खण्डपीठ क्रमांक 24 में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री अविनाश चंद्र तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 25 मे अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम श्री सुदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 26 में औद्योगिक न्यायालय में न्यायाधीश श्री केके मिश्रा तथा खण्डपीठ क्रमांक 27 में श्रम न्यायालय में न्यायाधीश श्री अमित नगायच प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

मऊगंज न्यायालय परिसर में खण्डपीठ क्रमांक 28 में जिला न्यायाधीश श्री जय सिंह सरौते, खण्डपीठ क्रमांक 29 में न्यायाधीश श्री मनोज तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 30 में न्यायाधीश श्री हीरालाल अलावा, खण्डपीठ क्रमांक 31 में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्री साजिद मोहम्मद, खण्डपीठ क्रमांक 32 मे न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ सुश्री ओशी जैन, खण्डपीठ क्रमांक 33 में न्यायाधीश श्री युवराज दीक्षित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

## जिले में समर्थन मूल्य पर 100672 टन हुई गेंहू की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया गया। जिले में 17477 किसानों से 100672.32 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि उपार्जित गेंहू में से 66363.17 टन गेंहू का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। अब तक किसानों को 244 करोड़ 13 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। शेष किसानों को तीन दिन में लंबित राशि का भुगतान किया जा रहा है।

## ई-केवायसी कराने हेतु आज से कैंप का आयोजन

**रीवा**

पात्र हितग्राहियो का 15 मई तक शत प्रतिशत ईकेवायसी पूर्ण किये जाने हेतु शिविर आयोजित कर निर्देशित किया गया है। तत्संबंध में ईकेवाइसी करने हेतु ग्राम/पंचायत/वार्ड स्तर पर विक्रेता शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं वार्ड प्रभारी एवं ग्राम पंचायत सचिव/रोजग्रार सहायक दल गठन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गठित दल द्वारा ग्रामवार/मोहल्लेवार कैंप लगाकर हितग्राहियो के ईकेवाइसी करने एवं ग्राम में शेष समस्त हितग्राहियो के ईकेवाइसी करने के उपरान्त ही अन्य ग्राम/मोहल्ले मे कैम्प आयोजित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आयोजित कैम्पो की सतत मानिटरिंग करने के साथ ही ईकेवाइसी के दौरान परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु होने, स्थाई रूप से प्रवास पर जाने आदि कारणों से) एवं डुप्लीकेट होने पर एम राशन मित्र पोर्टल पर स्थानीय निकाय के लॉगिन विलोपन हेतु प्रविष्टी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने 10 मई से 12 मई तक वार्डवार शिविर लगाकर ईकेवाइसी कराने के निर्देश दिये हैं।

## तीन पंचायत सचिव निलंबित

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने तीन पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने तथा शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर रामप्रताप सेन सचिव ग्राम पंचायत बेलवा बड़गैयान, ध्रुवकेस सिंह सचिव ग्राम पंचायत बड़ोखर तथा शशिकांत मिश्रा सचिव ग्राम पंचायत अगड़ाल (मूल पदस्थापना ग्राम पंचायत तेंदुआ कोठार) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण द्वारा एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। इस प्रतियोगिता के पदक विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जायेगी।

इस संबंध में संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले के प्रतिभावान पदक विजेता खिलाड़ियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति प्रदान करने के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। खेलवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 31 मई निर्धारित की गयी है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। खेलवृत्ति के लिए आवेदन संबंधी जानकारी संभागीय खेल और युवा कल्याण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये रजक पदक विजेता खिलाड़ी को 8 हजार रूपये और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा निर्देश और नियमावली विभागीय वेबसाइट डीएसवाईडब्ल्यूएमपी डॉट जीओव्ही डॉट इन पर उपलब्ध है।

## रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड नं. 26 पाण्डव नगर रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा माँ शारदा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्या. त्योंथर सहकारी निरीक्षक विकास माठे को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# रायपुर कर्चुलियान में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा



**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर साहब ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में जल गंगा अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी तीन दिवस में सभी कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रगति वाली 72 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने तथा बगैर अनुमति अनुपस्थित सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जनपद कार्यालय में आयोजित बैठक में ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों में 14 मई तक सीसी जारी करने तथा आवास के लक्ष्य को पूर्ण करने के साथ साथ सभी ग्राम पंचायतों में समग्र में के लक्ष्य को 30 मई के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये। बैठक में कार्यपालन यंत्री टी पी गुर्दमान,परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी,लेखा अधिकारी योगेंद्र पांडेय, आवास प्रभारी विनोद पांडेय,जनपद सीईओ संजय सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एन. श्रीवास्तव,सहायकयंत्री श्रीमती मनीषा मिश्रा, अनिल तिवारी, इंद्रभान सिंह, मनोज मिश्रा, श्रीमती विभा अवस्थी, बृजेश दुबे सहित जनपद के उपयंत्री, एडीओ, पीसीओ,ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# सीमांकन और नामांतरण के एक साल से अधिक लंबित प्रकरण 31 मई तक निराकृत करें

## धारणाधिकार तथा स्वामित्व योजना के प्रकरण तीन दिवस में निराकृत करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी योजना में तय समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। समय सीमा का पालन न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। सीमांकन और नामांतरण के एक साल से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण 31 मई तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों में तीन माह की समय सीमा का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों का एक माह में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। बैठक में



नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार, नक्शा तरमीम तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए पुनः अभियान चलाएं। इसके लिए सर्वेयर और पटवारियों की ड्यूटी लगाकर प्रतिदिन कम से कम एक हजार फार्मर आईडी बनवाएं। स्वामित्व योजना में अभी भी 90 गांवों में कार्य शेष है। जिन गांवों में सर्वे और सत्यापन का कार्य पूरा हो गया है वहाँ पट्टे जारी करने की कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना और धारणाधिकार योजना के लंबित प्रकरण तीन दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार रिकार्ड रूम में डाटा संधारण के लिए पूरी तैयारी कर लें। सभी उपलब्ध और आवश्यक रिकार्डों को स्कैनिंग के लिए उपलब्ध कराएं। न्यायालय में अवमानना से संबंधित 48 प्रकरणों में से 23 अभी भी लंबित हैं। इनमें कार्यवाही करके तत्काल जवाबदावा और प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करके पीड़ित को राहत राशि उपलब्ध कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन की पाइपललाइन और टंकियों के निर्माण के लिए चिन्हित स्थानों की भूमि निर्माण एजेंसी को तत्काल उपलब्ध कराएं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति में सुधार करें। इसमें लंबित सीमांकन के सभी प्रकरणों का एक माह में सीमांकन कराकर निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें। प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर जिले को ए श्रेणी में पहुंचाएं। नरवाई जलाने में प्रतिबंध लगा हुआ है। इसका उल्लंघन करने वाले किसानों पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाएं। एसडीएम और तहसीलदार अपने क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की भी सतत निगरानी करें। हैण्डपंपों और नलजल योजनाओं से संबंधित शिकायतों को तत्काल निराकृत कराकर आमजनता को पेयजल की व्यवस्था कराएं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833